卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 186 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦ 16 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## अष्टम नवरात्र




**नवरात्र के आठवें दिन मां भगवती के महागौरी स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन कन्या पूजन करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।**

# सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव को दिये सार्वजनिक माफी मांगने के आदेश

### सुप्रीम कोर्ट में बाबा राम देव ने कहा-हम एलोपैथी के बारे में कुछ नहीं बोलेंगे

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को पतंजलि के विज्ञापन मामले में योग गुरु स्वामी रामदेव के माफीनामे पर सुनवाई हुई। इस दौरान बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण भी सुप्रीम कोर्ट में मौजूद रहे।उच्चतम न्यायालय ने योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के आदेश दिये। सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने व्यक्तिगत तौर पर सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी लेकिन सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट



ने साफ कर दिया कि पतंजलि की माफी अभी स्वीकार नहीं की गई है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने स्वामी रामदेव से पूछा कि आपने कहा था कि कुछ और भी दाखिल करना चाहते हैं, कुछ अतिरिक्त दाखिल किया गया ? इस पर रामदेव के लिए मुकुल रोहतगी ने कहा कि हमने अभी कुछ फाइल नहीं किया है, लेकिन हम सार्वजनिक माफी मांगना चाहते हैं। रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के उल्लंघन के लिए अखबार में सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने की पेशकश (शेष पृष्ठ सात पर)

# बस पर चढ़ते समय पैर फिसलने से युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता )। ट्रांजिट कैम्प में ड्यूटी के लिए फैक्ट्री जाने के दौरान बस में चढ़ते समय एक कर्मी पैर फिसल जाने से सिर के बल नीचे आ गिरा और गंभीर रूप उसे घायल हो गया । साथी कर्मी उसें उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर घटना की विस्तार से जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को मामले से अवगत कराया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से मोहाली पंजाब निवासी 33 वर्षीय निदित देवनागर पुत्र दीपक यहां ट्रांजिट कैम्प में किरायेदार के रूप में रहता था और अशोक लीलेंड की महेन्द्रा लोजेस्टिक में काम करता था। बताया जाता है कि आज प्रात: वह ड्यूटी जाने के लिए फैक्ट्री की बस में सवार हो रहा था कि उसका पैर फिसल गया और वह सिर के बल नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके कान से खून बहने लगा। अचानक हुई इस घटना से साथी कर्मियों में हड़कम्प मच गया। फैक्ट्री के अधिकारियों को मामले की जानकारी देकर साथी कर्मी निदित को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर आ पहुंचे और उन्होंने मौजूद कर्मियों से घटना की विस्तार से जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों को मामले से अवगत कराया।

# अष्टमी पूजन का प्रसाद खाने से चार बच्चों सहित पांच की हालत बिगड़ी

किच्छा( उद संवाददाता)। अष्टमी पूजन के दौरान प्रसाद खाने से चार बच्चों सहित पांच लोग गंभीर रूप से बीमार पड़ गए जिन्हें आनन-फानन में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। तीन बच्चों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत उच्च चिकित्सा हेतु जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया । घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा दलबल के साथ स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे तथा प्रसाद खाने से बीमार पड़े बच्चों का हाल जाना तथा घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। मौके पर खाद्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने हेतु बुलाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां गैस एजेंसी रोड पंत कॉलोनी में रंजन के घर पर अष्टमी पूजन का कार्यक्रम था जिसमें कन्या पूजन हेतु पड़ोस के ही जितेंद्र पाल के बच्चे भी पहुंचे थे। प्रसाद ग्रहण करने के दौरान कुछ ही देर में जितेंद्र पाल के पुत्र मयंक, पुत्री भूमिका और पुत्री लवली की हालत बिगड़ गई । रंजन की पुत्री रूपाली की भी हालत खराब हो गई। जिनको तुरंत स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर मयंक भूमिका और लवली की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया जबकि रूपाली का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया



जा रहा है रूपाली की मां प्रतिमा देवी भी स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती है। रंजन सिंह ने बताया कि सभी बच्चों को प्रसाद दिया गया था जिसमें जब बच्चों को सूखू मेवे का प्रसाद जिसमें गोला मिश्री बादाम आदि मिक्स थे दिया गया तो देते वक्त ही हाथों में जलन सी महसूस होने लगी थी। इस ओर कोई ध्यान न देते हुए प्रसाद बच्चों को वितरित कर दिया गया। जैसे ही बच्चों ने प्रसाद ग्रहण कर खाना शुरू किया तो कुछ ही देर बाद बच्चों को उल्टियां मुंह में जलन शुरू हो गई जिसकी सूचना सभी को दी गई। आनन फानन में बच्चों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया तथा उपचार शुरू किया गया। जितेंद्र पाल द्वारा रंजन सिंह पर बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए हाथापाई भी किए जाने का मामला संज्ञान में आया है। परंतु मारपीट की पुष्टि नहीं हुई है जबकि गंभीर रूप से बीमार बच्चों को उच्च चिकित्सा हेतु ले जाया गया है। कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने बताया कि प्रसाद जिस दुकान से खरीदा किया गया था उस दुकान को भी बंद कर दिया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों को बुलाकर खाने की सैंपलिंग की जा रही है । प्रसाद विक्रेता दुकानदार को यह हिदायत दी गई है कि जहां-जहां भी उसके द्वारा प्रसाद बेचा गया है वहां से तुरंत सूचना देकर प्रसाद वितरण में रोक लगायें। रंजन ने पुलिस को बताया कि उसके द्वारा बाजार की एक दुकान से सूखे मेवे में मिश्री आदि खरीदी गई थी जब उसके द्वारा मिश्री आदि का वितरण कर बच्चों को खिलाया गया तो तभी उक्त घटना घटित हो गई। समाचार लिखे जाने तक खाद्य विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंच पाई थी जबकि दोनों घरों को पुलिस ने ताला लगाकर बंद कर दिया है। खाद्य विभाग द्वारा जांचों उपरांत घर के ताले खोले जाएंगे।

# महाअष्टमी पर घर-घर में हुआ कन्या पूजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के नवरात्र पर्व पर आज आठवें दिन नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी मंदिरों में मां भक्तों द्वारा विधिविधान से



मां महागौरी की पूजा अर्चना के साथ ही मां की स्वरूप कन्याओं की पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में प्रात: से ही पूजा सामग्री लेकर भक्तजनों का आना शुरू हो गया था। उन्होंने मां को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान , सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि अर्पित किया। अनेंक मंदिरों में धार्मिक कर्यक्रमों का आयोजन आज भी जारी रहा । वहीं आज प्रात: मां भक्तों द्वारा अपने (शेष पृष्ठ सात पर)

# धूमधाम से निकला मां अटरिया का भव्य डोला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्र के अष्टमी पर्व पर आज मां मेला स्थल स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मां अटरिया मंदिर पहुंचा। इससे पूर्व रम्पुरा को फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजमान किया गया। शोभा यात्रा में कई शोभा यात्रा का मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभा



अटरिया का रम्पुरा स्थित मां अटरिया मंदिर से भव्य डोला निकाला गया। जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरता हुआ स्थित मां अटरिया मंदिर में माता पुष्पा देवी के सानिध्य में पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात मां अटरिया की भव्य प्रतिमा सुंदर झांकियां भी प्रदर्शित की गई थी। बैंड बाजों की भजन धुन में सैकड़ों श्रद्धालु जयघोषों के साथ नाचते गाते चल रहे थे। यात्रा मुख्य मार्गों से होकर गुजरती हुई प्राचीन अटरिया मंदिर पहुंची जहां अनुष्ठानों के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

# राजेश शुक्ला के बोल से उठा सियासी तूफान

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की मौजूदगी में उनकी चुनावी सभा के दौरान अपने सम्बोधन में वर्तमान विधायक तिलकराज बेहड़ के प्रति कही गई बातों से एक राजनैतिक उबाल उठ खड़ा हुआ है। एक जनसभा में शुक्ला ने अपने संबोधन में बेहड़ पर तंज कसते हुए उनके स्वास्थ्य पर अमर्यादित टिप्पणी कर दीं । वहीं श्री बेहड़ ने भी शुक्ला पर पलटवार किया है। उन्होंने पलटवार कर शुक्ला के बयान के बहाने न सिर्फ भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को घेरते हुए इसे अपने समाज का अपमान भी करार दे दिया। गत दिवस किच्छा के ध



ौराडाम में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की चुनावी सभा में आयोजित की गई थी। जिसमें पूर्व विधायक शुक्ला अपने चिर प्रतिद्वंदी कांग्रेस विधायक बेहड़ पर खूब बरसे । उन्होंने व्यंग भरे लहजे में कहा था कि बेहड़ की किडनी ठीक हो गई, लेकिन आंख गड़बड़ हो गई है। बेहड़ कह रहे हैं कि दस साल में मोदी सरकार, धामी सरकार, राजेश शुक्ला, अजय भट्ट ने कोई काम नहीं किया। उन्होंने अजय भट्ट से विनती करते हुए कहा कि बेहड़ के बच्चे छोटे- छोटे हैं। कोई व्यवस्था करनी पड़ेगी। आंख ठीक हो जाए और अगर दिमाग में कमी है तो एम्स में दिमाग ठीक हो जाएगा। श्री शुक्ला ने तो यहां तक कह दिया कि बेहड़ को अगर विकास कार्य नहीं दिख रहे है तो चाहे आगरा या कहीं भेजना पड़े, उनका दिमाग ठीक कराना पड़ेगा। इस पर विधायक बेहड़ ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में राजनीति का स्तर गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके बारे में कहा जा रहा है कि उनको आगरा पागल खाने ले जाने की जरूरत है और उनकी आंखें खराब हो (शेष पृष्ठ सात पर)

# बेहड़ के खिलाफ शुक्ला की टिप्पणी पर भड़के कांग्रेसी

गदरपुर( उद संवाददाता)। कांग्रेस नगर अध्यक्ष विशु भुसरी के प्रतिष्ठान पर आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता सुभाष बेहड़ ने किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ पर टिप्पणी करने पर नाराजगी जाहिर



करते हुए शुक्ला को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि पहले शुक्ला अपना इलाज कराएं जो कद्दावर नेता तिलक राज बेहड़ के लिए अनाप-शनाप बोल रहे हैं। सुभाष बेहड़ ने कहा कि तराई के शेर कहे जाने वाले तिलक (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड के लिए वरदान होंगी 'मोदी की गारंटी' : धामी

## सीएम पुष्कर धामी ने भाजपा के संकल्प पत्र को बताया बताया ऐतिहासिक उत्तराखंड के यूसीसी और नकल विरोधी कानून पूरे देश में लागू किया जायेगा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के संकल्पपत्र पर कहा, इसमें उत्तराखंड की तर्ज पर देश में समान नागरिक संहिता और नकल विरोधी कानून बनाने का संकल्प रखा गया है। यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की जनता के सामने 2047 तक विकसित भारत बनाने का रोड मैप है। इसे उन्होंने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, अवस्थापना विकास, महिला सशक्तीकरण, हर व्यक्ति को आगे लाने वाले व समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की गारंटी करार दिया। मुख्यमंत्री सोमवार को देहरादून स्थित भाजपा मीडिया सेंटर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट व राज्यसभा सांसद नरेश बंसल के साथ प्रेस वार्ता में बीजेपी के घोषणा पत्र को लेकर बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित बनाने संकल्प पत्र जारी किया गया है इससे पहले जितने भी संकल्प लिए गए थे वो सभी पूरे किए गए और लोकसभा चुनाव 2024 के लिए संकल्प पत्र जारी किया गया है वो मोदी की गारंटी है जिसमें उद्योग गरीब और समाज के हर एक व्यक्ति को जारी किया गया है। सीएम धामी ने भाजपा के संकल्प पत्र को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तराखंड की जनता के सामने जो संकल्प पत्र रखा था जिसमें यूसीसी लागू करने की बात कही गई थी। चुनाव जीतने के बाद यूसीसी कानून को लागू कराया जाएगा। जबकि यूसीसी की आवश्यकता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे पूरे देश में लागू करने के लिए संकल्प पत्र में इसको जगह दी है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रियंका दीदी ने अपनी रैली में प्रियंका गांधी ने कहा की उनकी सरकार बनेगी तो नकल विरोधी कानून लागू किया जाएगा उन्हें मालूम होना चाहिए कि हम पहले



ही यह कानून बना चुके हैं। कांग्रेस के लोगों ने उन्हें महीनों पुरानी स्पीच दे दी। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया। क्योंकि बाबा साहब ने जो सपना देखा था उसी के अनुरूप देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में काम कर रहे हैं। देश में सबसे पहले उत्तराखंड हमारी सरकार ने कड़ा नकल कानून बनाया है जिसे पूरे देश में लागू करने की बात संकल्प पत्र में कही गई है। एक जिला एक उत्पाद योजना का भी लक्ष्य संकल्प पत्र में रखा गया है जिसे उत्तराखंड सरकार पहले से राज्य में चला रही हैं। उच्च कानून में नागरिकता देने का जो का विधान दिया है उसके तहत बंगाल के पीड़ित लोगों को उत्तराखंड के किच्छा दिनेशपुर जैसे क्षेत्रों में फायदा मिलेगा। राज्य में विश्वनाथ कॉरिडोर बनाया जाएगा जबकि धार्मिक स्थलों पर अन्य कॉरिडोर भी बनाए जाने हैं जिससे कनेक्टिविटी बेहतर हो पाएगी। संकल्प पत्र में वेडिंग इंडिया जैसे कार्यक्रम को भी जगह दी गई है जिसके लिए सबसे अच्छा स्थान देवभूमि उत्तराखंड है इस योजना से करीब कल्याण की गारंटी भी दी जा सकेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ मकान गरीबों को दिए गए हैं जबकि अगले पांच सालों में तीन करोड़ मकान देने के लक्ष्य रखा गया है। मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 10 लाख से बढ़कर 20 लाख तक किया जाने का प्रावधान किया जाएगा जबकि किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ जारी रहेगा। देश की सीमाओं पर सड़के बनाई जा रही है और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है और सशस्त्र बलों को आधुनिक हथियार दिए गए हैं और आगे भी बेहतर किया जाएगा। आदिवासियों को भी लाभार्थी योजनाओं से जोड़ा जाएगा जबकि ट्रांसजेंडर को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया। संकल्प पत्र में देश के हर नागरिक को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का बल अधिकार देगा और भारत को तीसरी इकोनामी बनाने का भी संकल्प लिया गया है। खिलाड़ियों और युवाओं के लिए संकल्प पत्र में विशेष रूप से जगह दी गई है जिससे युवा और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जा सकेगा और महिला सशक्तिकरण के लिए 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने की योजना है। 22 जनवरी को रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को राम उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

# बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में पूजा के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू

## बीकेटीसी ने महाभिषेक पूजा के लिए 4700 रुपये शुल्क की निर्धारित किया

देहरादून(उद संवाददाता)। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने चारधाम यात्रा में बाबा केदार और बदरी विशाल की पूजा के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी है। रोजाना दोनों धामों में सुबह और शाम को होने वाली पूजा और विशेष पूजा के लिए शुल्क की निर्धारित किया है। महाभिषेक पूजा के लिए 4700 रुपये और अभिषेक पूजा के लिए 4500 रुपये शुल्क देना होगा। चारधाम यात्रा इस बार 10 मई से शुरू हो रही है। यात्रा के दौरान कोई श्रद्धालु केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में पूजापाठ करना चाहता है तो इसके लिए बीकेटीसी की वेबसाइटपर ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी। बीकेटीसी ने सोमवार से पूजा के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी है। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आनलाइन पूजा की बुकिंग शुरू हो गई है। बदरीनाथ धाम की पूजा में मुख्य रूप से बदरी विशाल की ब्रह्म



मुहूर्त में होने वाला महाभिषेक व अभिषेक पूजा के अलावा वेद पाठ, गीता पाठ, विष्णु सहस्रनामावली, सायंकालीन स्वर्ण आरती, चांदी आरती, गीत गोविंद पाठ के साथ शयन आरती शामिल है। जबकि केदारनाथ धाम में षोडशोपचार पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक व सायंकालीन आरती के लिए आनलाइन बुकिंग की जाती है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया, पिछले वर्ष चारधाम यात्रा में बदरीनाथ धाम में 19,700 और केदारनाथ धाम में 20,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने पूजा के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराई थी। वहीं विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 25 मई को तीर्थयात्रियों के लिए खोल दिए जाएंगे। लेकिन हेमकुंड में अभी भी करीब 15 फीट तक बर्फ जमी हुई है। गोविंदघाट से गुरुद्वारा के सेवादार यहां का निरीक्षण कर लौट गाए हैं। वहीं, सेना के जवान इस साल आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम 20 अप्रैल से शुरू करेंगे। गोविंदघाट गुरुद्वारे के प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल को दो सेवादार हेमकुंड साहिब का निरीक्षण करने गए थे। सोमवार को दोनों वापस लौट आए हैं। सेवादारों ने बताया कि धाम में 12 से 15 फीट तक बर्फ जमी हुई है। यहां का पवित्र सरोवर भी पूरी तरह बर्फ से जम गया है। हेमकुंड साहिब से दो किमी पहले अटलाकुडी के पास भारी भरकम ग्लेशियर आया हुआ है, जहां बर्फ को बीच से काटकर रास्ता बनाया जाना है। सर्दियों में हेमकुंड साहिब में हमेशा भारी बर्फबारी होती है। जिसके चलते यहां जगह-जगह हिमखंड पसरे रहते हैं। यात्रा शुरू होने से पहले हर साल सेना के जवान और गुरुद्वारा ट्रस्ट के सेवादार बर्फ हटाते हैं। इस साल जवान 20 अप्रैल से सेना के जवान मार्ग से बर्फ हटाने का काम शुरू करेंगे। वहीं, अगर मौसम लगातार बिगड़ा रहा तो इस बार भी श्रद्धालुओं को हिंमखंडों के बीच से गुजरना पड़ सकता है।


माता की चौकी

पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में समाजसेवी श्रीमती गुरमीत कौर जी के परिवार की ओर से माता की अष्टम चौकी का आयोजन

दिनांक 16 अप्रैल 2024, दिन मंगलवार शाम 7.30 बजे से
स्थान- श्री नीलकंठ धाम शैलजा कालोनी, रूद्रपुर

श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में
17 अप्रैल को प्रात: 9 बजे हवन एवं 12 बजे भंडारा


# सचिन ने जिम कॉर्बेट पार्क में बनाए थे पकौड़े

## सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

रामनगर(उद संवाददाता)। पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में पिछले महीने जंगल की सफारी की थी। उस दौरान बारिश होने पर उन्होंने वन विभाग के रेस्ट हाउस में पकौड़े बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने वन कर्मियों को पकौड़े बनाने के टिप्स भी दिए थे।29 से 30 मार्च तक कॉर्बेट पार्क के ढिकाला जोन में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, पत्नी अंजली के साथ जंगल की सफारी करने आये थे। जंगल सफारी के दौरान कॉर्बेट पार्क के निदेशक डॉ. धीरज पांडेय सहित वन कर्मियों की टीम उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने खिनानौली रेस्ट हाउस में दो दिन रात्रि विश्राम किया था। सोशल मीडिया पर साझा वीडियो में सचिन तेंदुलकर ने बताया कि बारिश होने के चलते जंगल की सफारी नहीं हो पा रही है। ऐसे में रेस्ट हाउस के किचन में वन कर्मियों द्वारा बनाए पकौड़ों को उनके द्वारा तला गया। साथ ही वन कर्मियों को उन्होंने पकौड़े बनाने की विधि भी बताई थी।





# व्यापारी वर्ग के बिना विकसित राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती: धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को देहरादून स्थित हिंदू नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने व्यापारी सम्मेलन में सभी का स्वागत करते हुए सभी व्यापारी से एक साथ मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग के बिना, विकसित राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा व्यापार और व्यापारिक गतिविधियाँ राष्ट्रों की आर्थिक वृद्धि और समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र के लिए आदरणीय मोदी जी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान करना है। उन्होंने कहा





भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र में भी व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता से रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश के अंदर वर्क कल्चर बदला है। पूर्व की व्यवस्था में सुधार किया गया है। प्रधानमंत्री जी ने हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया है। उत्तराखंड के अंदर हमारी सरकार व्यापारियों के साथ है व्यापारियों की उन्नति के साथ है। व्यापारियों, उद्योग के क्षेत्र में सरलता से काम किया गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले सभी से संवाद किया गया था। सभी के सुझाव को प्राथमिकता से लेते हुए सरलीकरण, आवश्यक संशोधन, कई नीतियों को प्रख्यापित किया गया है। 30 नई पॉलिसी बनाई गई हैं।ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में 50 से भी अधिक देशों ने भाग लिया। 3.5 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए और 81 हजार करोड़ रुपए की ग्राउंडिंग हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का काम पूरा होने पर यहां आने वालों की संख्या कई गुना बढ़ने वाली है।

# हॉर्न बजाने को लेकर दो पक्ष भिड़े

गदरपुर(उद संवाददाता)। सोमवार की देर शाम को होरन बजाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते जाम की स्थिति बन गई और सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस ने किसी तरह बीच बचाव कराया और जाम खुलवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गदरपुर निवासी एक युवक और राजपुरा निवासी एक युवक के बीच गूलरभोज मोड़ के पास रोड पर होरन बजाने को लेकर कहासुनी



हो गई और विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत हाथापाई तक आ गई। झगड़े की सूचना पर गदरपुर में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में गूलरभोज रोड पर लोग इकट्ठा हो गए और ट्रैफिक व्यवस्था भी बदहाल हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम के उप निरीक्षक गणेश दत्त भट्ट और कांस्टेबल इरशाद ऊल्लाह ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह बीच बचाव कराया और दोनो पक्षों को शांत किया। इस दौरान लगभग 1 घंटा रोड पर जाम की स्थिति उत्पन्न रही।

# भारत विकास परिषद ने मनाया कन्या पूजन दिवस

गदरपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद द्वारा अष्टमी के अवसर पर कन्या पूजन दिवस मनाया गया। इस अवसर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रविंद्र बजाज नेतृत्व में कार्यकर्ता सरस्वती शिशु मंदिर लंगड़ाभोज तथा शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय गदरपुर पहुँचे तथा कन्याओं को फल,शीतलपेय तथा शिक्षण सामग्री भेंट कर उनका पूजन किया।इस अवसर पर श्री बजाज ने कहा कि पावन नवरात्र के नौ दिनों में शक्ति की उपासना की



जाती है तथा कन्या को शक्ति का रूप माना जाता है इसी कारण कन्या पूजन कर हम शक्ति की आराधना करते हैं इस मौके शाखा के सचिव प्रमोद बजाज, कोषाध्यक्ष डॉ विनीत अरोड़ा,महिला संयोजिका ज्योति ग्रोवर,वरिष्ठ सदस्या सरोज बजाज,प्रधानाचार्य धीरज पंत,सुमन प्रकाश अवस्थी उपस्थित थे।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शुक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।

# कुख्यात आईटीआई गैंग गिरोह को बंदी एक्ट में किया पाबंद

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर के कुख्यात आईटीआई गैंग के खिलाफ पुलिस ने समाज विरोधी क्रिया कलाप अधिनियम और गिरोहबंदी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने डीएम के आदेश के बाद यह कार्रवाई की है। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपादित कराने के लिए पुलिस अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने शहर में आतंक का पर्याय बने आईटीआई गैंग को समाज विरोधी क्रिया कलाप अधिनियम और गिरोह एक्ट के तहत पाबंद किया है। इस संबंध में पुलिस ने एक रिपोर्ट डीएम और एसएसपी को भेजी थी जिसके बाद कुख्यात आईटीआई गैंग के सदस्यों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस की ओर से कहा गया था उक्त गिरोह की वजह से पूरे क्षेत्र में अराजकता का माहौल पैदा हो गया है। इनका आतंक इस कदर पसर चुका है कि लोगों इनके खिलाफ शिकायत तक नहीं कर पा रहे हैं। लोगों को भय दिखाकर दबंगई करना, मारपीट, गाली गलौज कर धार्मिक जमाव में विघ्न करने, उन्हें जान से मारने की धमकी का भय दिखाकर, जनता में भय व्याप्त करने अथवा दहशत पैदा करने हेतु अपराध करते रहे हैं। जिसके बाद काठगोदाम पुलिस ने अंकित जायसवाल पुत्र संजय जायसवाल निवासी वार्ड नंबर 12 रामपुर रोड हल्द्वानी, पंकज चौहान पुत्र स्व. रमेश सिह चौहान निवासी डहरिया सीएमटी कालोनी हल्द्वानी, अभिषेक थापा पुत्र मनोज थापा निवासी सदभावना बिहार पीलीकोठी मुखानी, भुवन सिह बिष्ट पुत्र पूरन सिंह बिष्ट निवासी डालाकोटी कम्पाउण्ड रामपुर रोड हल्द्वानी, सोनू कश्यप पुत्र सेवा राम कश्यप निवासी रामपुर रोड समता आश्रम वाली गली हल्द्वानी, विनय दरम्वाल पुत्र कानेन्द्र दरम्वाल निवासी आनन्दपुर हल्द्वानी, प्रियांशु सती उर्फ प्रिंस पुत्र भुवन चन्द्र सती निवासी डहरिया सीएमटी कालोनी हल्द्वानी, सूरज राणा पुत्र विजय राणा निवासी फूलचौड़ हल्दूपोखरा रामपुर रोड हल्द्वानी, करण सिह थापा पुत्र पूरन सिह थापा निवासी जीतपुर नेगी रामपुर रोड हल्द्वानी, अशोक बोरा पुत्र त्रिलोक सिह बोरा निवासी एसकेएम स्कूल मानपुर उत्तर पश्चिम हल्द्वानी, रितिक गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता निवासी वार्ड नंबर 17 विष्णुपुरी रामपुर रोड हल्द्वानी, जितेश बिष्ट उर्फ जीतू पुत्र श्याम सिह बिष्ट निवासी गुंसाईपुर रामपुर रोड हल्द्वानी, फैसल पुत्र वली शेर हसन निवासी वारसी कालोनी गोलागेट शमशान घाट हल्द्वानी, मो. लारिफ सिद्दीकी पुत्र साहनवाज सिद्दीकी निवासी टनकपुर रोड राजपुर हल्द्वानी, शोएब पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी जवाहरनगर शमशान घाट हल्द्वानी, इरशाद पुत्र सफी उल्ला निवासी रानीबाग चौघानपाटा काठगोदाम, मो. सारिक पुत्र आफताब अहमद निवासी टनकपुर रोड वारसी कालोनी वार्ड नंबर 14 हल्द्वानी, शहजाद पुत्र सरदार अहमद निवासी मौहल्ला बेगम सराय खुर्द नई बस्ती अमरोहा हाल जैम फैक्ट्री टनकपुर रोड जवाहर नगर बनभूलपुरा, शाकिब पुत्र आफताब निवासी वारसी कालोनी टनकपुर रोड बनभूलपुरा, समीर पुत्र सरताज निवासी दुग बाजार बागेश्वर हाल जैम फैक्ट्री वार्ड नं0 14 टनकपुर रोड बनभूलपुरा, अरबाज पुत्र जमीलुद्दीन निवासी वार्ड नंबर 15 अप्पू टायर वाले के पास जवाहरनगर बनभूलपुरा, फईम अहमद पुत्र फरीद अहमद निवासी वार्ड नंबर 15 अप्पू टायर वालो के पास जवाहर नगर बनभूलपुरा के अलावा पंकज चौहान, सुमित गंगवार, अभिषेक थापा, भुवन सिह बिष्ट व मनीष चन्द्र के विरुद्ध थाना काठगोदाम, थाना मुखानी व थाना हल्द्वानी में मुकदमे हैं। उक्त गैंग लीडर अंकित जायसवाल के साथ संलिप्त सुमित कुमार गंगवार पुत्र विजयपाल निवासी नंदनी बिहार पीलीकोठी मुखानी, मनीष चन्द्र पुत्र कृष्ण चन्द्र निवासी मुगली गार्डन हल्द्वानी, तुषार बोरा पुत्र गणेश बोरा निवासी गोरापड़ाव हल्द्वानी, नवीन टम्टा पुत्र दिनेश चन्द्र टम्टा निवासी जीतपुर नेगी रामपुर रोड हल्द्वानी, अभिषेक बिष्ट पुत्र गोपाल सिह बिष्ट निवासी गुंसाईपुर रामपुर रोड हल्द्वानी और बॉबी साह पुत्र पूरन साह निवासी आनन्दपुर हल्द्वानी को गैंग चार्ट में अंकित किया गया है। पुलिस का कहना है कि गैंग लीडर अंकित जायसवाल व उसके अन्य अपराधियों के विरुद्ध जनता का कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट लिखवाने व गवाही देने का साहस नही जुटा पा रहा है। इनके कृत्यों से क्षेत्र की जनता में काफी भय है। उक्त अपराधी भारतीय दण्ड संहिता 1860 के अध्याय 16, 17 व 22 के अधीन दण्डनीय अपराध करने के आदी हैं। गैंग चार्ट में अंकित अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगचार्ट में अंकित अभियोग के आलावा थाना काठगोदाम व जनपद के अन्य थानों में अंकित जायसवाल के खिलाफ काठगोदाम थाने में 165/2021/147/323/352/504/506 और हल्द्वानी थाने में 323/147/323/504/506, पंकज चौहान पुत्र स्व. रमेश सिह चौहान निवासी डहरिया परिश्रम विहार हल्द्वानी के खिलाफ 186/147/148/149/323 के तहत मुखानी थाना और 165/147/323/352/504/506 के तहत काठगोदाम थाने में मुकदमा दर्ज है। जबकि अभिषेक थापा पुत्र मनोज थापा निवासी सदभावना बिहार पीलीकोठी मुखानी के खिलाफ 168/323/452/394 के तहत थाना मुखानी में मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा भुवन सिंह बिष्ट पुत्र पूरन सिंह बिष्ट निवासी डालाकोटी कम्पाउण्ड रामपुर रोड हल्द्वानी के खिलाफ 165/147/323/352/504/506 के तहत थाना काठगोदाम में मुकदमा दर्ज है। इनकी गतिविधियो पर न्याय हित व जनहित मे अंकुश लगाने के लिए गैंग चार्ट तैयार कर पुलिस क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी से अनुमोदित कराया गया है। पुलिस ने इनके कृत्यों को देखते हुए धारा 2/3 उ. प्र. गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# जनता एक बार फिर कमल खिलाने को तैयार: शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने चुनाव प्रचार अभियान के तहत फौजी मटकोटा और धर्मनगर क्षेत्र में नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया।



विधायक शिव अरोरा को सुनने बड़ी संख्या मे लोग पहुंचे। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र मे वह जिस जगह जा रहे है वहा लोगों में नरेन्द्र मोदी को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। विधायक ने कहा मोदी की गारंटी पर जनता एक बार फिर विश्वास करने जा रही है। हमें पूर्ण विश्वास है मोदी सरकार के दस साल के कार्यों पर जनता वोट देने जा रही है, क्षेत्र में उमड़ रहे इस प्रकार के जनसमूह जन सैलाब को देखकर प्रतीत होता है कि आने वाली 19 अप्रैल को रुद्रपुर के कोने कोने से शत प्रतिशत मतदान कमल के फूल के पक्ष में होगा और भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी के सिपाही अजय भट्ट की प्रचंड विजय सुनिश्चित होगी । नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक फैसलों वाला होने जा रहा है, जिनसे देश में क्रांतिकारी परिवर्तन नजर आएंगे। विधायक ने कहा हमारी पार्टी बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र पर कार्य करती है और इसी मंत्र पर एक बार फिर से हम शत प्रतिशत बूथों पर विजय हासिल कर रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग,मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट, जगदीश विश्वास, जगसोरेन मलिक कुलदीप चंद,राजीव शुक्ला, राजेश तिवारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# व्यापार मण्डल महामंत्री ने थामा भाजपा का दामन

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर महामंत्री विजय अरोड़ा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए बीजेपी में आस्था व्यक्त की है। उन्होंने भाजपा चुनाव कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश आर्या एवं विवेक सक्सेना के समक्ष सदस्यता ली। सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत प्रेस को संबोधित करते हुए नगर व्यापार मंडल के महामंत्री विजय अरोड़ा ने कहा कि व्यापारियों के हित में एवं व्यापार मंडल को सशक्त मजबूत बनाने के उद्देश्य से उन्होंने भाजपा के विचारों एवं कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि वह व्यापारियों के हित में लगातार कार्य करते रहेंगे तथा व्यापार को नगर में सुदृढ़ करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में व्यापार को नई दिशा देने के लिए कई प्रयास किया



जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रयास के तहत इच्छा क्षेत्र में व्यापक उद्योग धंधे स्थापित किया जा रहे हैं जो कि किच्छा के व्यापारियों के हित में मील का पत्थर साबित होगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर, नितिन चरण, पूरन भट्ट, पूर्व सभासद राजेश कुमार सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हज आवेदकों को ऑनलाइन जमा करने होंगे 93480 रुपए

सितारगंज (उद संवाददाता)।राज्य हज कमेटी ने हज आवेदकों की बैलेंस



धनराशि की तीसरी किस्त निर्धारित कर दी है। जिन हज आवेदकों ने हज के आवेदन फार्म में कुर्बानी के ऑप्शन पर अगर यस अंकित किया है तो आवेदकों को कुर्बानी की धनराशि समेत 93480 रुपए और कुर्बानी ऑप्शन पर नो अंकित करने वाले आवेदकों को 78300 रुपए हज कमेटी आफ इंडिया की वेबसाइट में ऑनलाइन जमा करनी होगी। राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद की संस्तुति पर जारी प्रेस नोट में हज अधिकारी मोहम्मद अहसान ने बताया कि हज कमिटी आफ इंडिया मुंबई के पत्राचार के जरिए अवगत कराया गया है कि 13 अप्रैल 2024 के द्वारा चयनित हाई अवाद को की बैलेंस धनराशि की तीसरी किस्त निर्धारित कर दी गई है। दिल्ली ईबांरकेशन से हज पर जाने वाले आवेदकों में से जिन हज अवाद को ने हज के आवेदन फार्म में कुर्बानी हज कमिटी आफ इंडिया करने के लिए ऑप्शन में यस लिखा था। इस तरह के आवेदकों को कुर्बानी की धनराशि सहित 93400 और जिन आवेदकों ने कुर्बानी के ऑप्शन में नो लिखा है। उन्हें 78300 रुपए हज कमेटी आफ इंडिया मुंबई के बैंक ऑफ इंडिया के खाते में पे इन सिल्प हज कमेटी ऑफ इंडियां की बेबसाइड पर ऑनलाइन जमा करानी होगी। हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि तीसरी किस्त की धनराशि जमा करने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निर्धारित की गई है। धनराशि जमा किए जाने के उपरांत पे इन सिल्प उत्तराखंड राज्य हज समिति हज हाउस पीरान कलियर में जमा करानी होगी।

# चोरों ने फिर तोड़ डाले ताले

कालाढूंगी। रविवार की रात चोरों ने वन निगम डिपो से कुछ ही दूरी पर मुख्य हाईवे के निकट फिर से सेलर और एक दुकान के ताले तोड़ डाले। वहां से नकदी और अन्य सामान चोरी कर लिए। एक सप्ताह पहले ही उक्त सेलर की जाली काटकर चोर कुछ नकदी और कैमरे व डीएबआर ले गए थे। इसके अलावा मंडी समिति कार्यालय के शटर के ताले तोड़कर कंप्यूटर आदि समान भी चोरी कर लिया गया था। सप्ताहभर के अंदर ही मुख्य हाईवे किनारे चोरी की दूसरी घटना है। वहीं 29 मार्च की रात्रि चोरों ने गुलजारपुर बंकी में स्थित नवीन प्रगतिशील जूनियर हाईस्कूल को अपना निशाना बनाते हुए कार्यालय से कंप्यूटर सिस्टम, डीबीआर, प्रिंटर चुरा ले गए थे। सप्ताहभर पहले हुई चोरी का पुलिस अभी खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि नूर अहमद के सेलर के फिर से ताले तोड़ दिए गए। अब निगम पर स्थित गोपाल सिंह मेहरा की दुकान के ताले को तोड़कर कुछ नकदी और सामान चोरी कर लिया गया। थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# मुख्य सचिव ने दिलवाई मताधिकार की शपथ

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को दिये निर्देश





देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में समस्त अधिकारियों व कर्मिकों को मताधिकार की शपथ दिलवाई। मुख्य सचिव ने सभी को अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादाओं को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर. सी.पुरुषोत्तम, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री विजय कुमार जोगदंडे सहित सचिवालय के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। वहीं मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी. वी. आर. सी. पुरुषोत्तम ने सचिवालय में सभी जिलों के जिलाधिकारियों/जिला निर्वाचन अधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों/पुलिस अधीक्षकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर मतदान को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से लेकर, पोलिंग और ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा करने तक के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ इलेक्शन कमीशन आफ इंडिया द्वारा समय-समय पर जारी विभिन्न जानकारियां साझा की। उन्होंने मॉक पोल और वीवीपैट के बारे में भी जिला निर्वाचन अधिकारियों को जरूरी जानकारी दी। ईवीएम खराब होने की स्थिति में क्या कदम उठाए जाने और क्या नहीं इस बारे में भी जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मॉक पोल का विवरण भी ठीक से दर्ज कर लिया जाए। उन्होंने चैलेंज वोट, टेस्ट वोट, टेंडर वोट आदि के बारे में भी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि इस बात का ध्यान रखें कि शाम 5:00 बजे के बाद कोई भी व्यक्ति मतदेय स्थल के गेट के अंदर नहीं आ पाएं एवं शाम 5:00 बजे तक गेट के अंदर आए मतदाता को मतदाता पर्ची जरूर दे दी जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि शाम 5:00 बजे तक गेट के भीतर आ चुके मतदाता का मतदान हर हालत में करा लिया जाए। साथ ही उन्होंने मतदेय स्थलों पर भीड़ मैनेजमेंट, आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने, बूथ हेल्थ मैनेजमेंट प्लान और पोस्टल बैलेट आदि के बारे में भी जानकारी दी। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल, श्री प्रताप शाह, श्री मस्तू दास आदि शामिल थे।

# बूथों पर दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं की सहायता करेंगे 14032 वॉलन्टियर

## उत्तराखंड में 11,729 पोलिंग बूथ पर 19 अप्रैल 2024 को होगा मतदान



देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में मतदान को देखते हुए मंगलवार से अंतरराष्ट्रीय सीमाएं सील हो जाएंगी। वहीं उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ की 12 पोलिंग पार्टियां भी मंगलवार को रवाना होंगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने कहा मंगलवार को रवाना होने वाली पोलिंग पार्टियों में 11 उत्तरकाशी जिले और एक पोलिंग पार्टी पिथौरागढ़ जिले की है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में मीडिया से वार्ता में कहा, उत्तराखंड में 11,729 पोलिंग बूथ पर 19 अप्रैल 2024 को मतदान होना है। मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। मतदान को देखते हुए राज्य के सभी 13 जिलों में 293 उड़नदस्ते और 252 सांख्यिकी निगरानी टीम तैनात की गई हैं। मतदान के दिन से 72 घंटे पहले इन सभी टीमों की ओर से अधिक गहनता से सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। मतदान से 72 घंटे पहले का समय कल से प्रारंभ हो जाएगा। अंतरराज्यीय सीमा पर भी सत्यापन अभियान सघनता से चलाया जाएगा। सभी चेकपोस्ट पर सघन जांच के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, पोलिंग पार्टियों के रेंडमाइजेशन की कार्रवाई चल रही है। जो पोलिंग पार्टियां मंगलवार से रवाना होंगी, उन सभी पोलिंग पार्टियों को मंगलवार सुबह से सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने कहा, प्रदेश में मतदान को देखते हुए 17 अप्रैल शाम पांच बजे से 19 अप्रैल शाम छह बजे तक राज्य में ड्राई डे रहेगा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में उत्तराखण्ड राज्य के दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्य निर्वाचन कार्यालय, उत्तराखण्ड की सहायता से इस वर्ष विशेष प्रयास किए गए हैं। राज्य में पहली बार इतने वृहद एवं विस्तृत स्तर पर दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं की सहायता के उद्देश्य से बूथवार संसाधनों की मैपिंग की गई है। राज्य के कुल 80335 दिव्यांग एवं 85 आयु के 65150 वृद्ध मतदाताओं का बूथवार चिन्हीकरण किया गया है। मतदान दिवस पर इन मतदाताओं को अधिक से अधिक सहायता प्रदान करने हेतु 1344 व्हील चेयर, 1623 डोलियां, 3392 मैग्निफाइंग ग्लास, 95 ब्लाइंड स्टिक का बूथवार मैप किया गया है। इसके अतिरिक्त 57 व्हील चेयर को संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जिला समाज कल्याण अधिकारियों के साथ रिजर्व रखा जाएगा। मतदान दिवस पर 14032 वॉलन्टियर अलग-अलग बूथों पर तैनात रहकर दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं की सहायता करेंगे। इन मतदाताओं को मतदान दिवस पर आवागमन सुविधा देने के उद्देश्य से 208 वाहन राज्य भर में तैनात किए जाएंगे। इस बार दिव्यांगजनों एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के 12 हजार से अधिक मतदाताओं ने घर से अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। 51100 दिव्यांगजनों द्वारा सक्षम ऐप को अपने मोबाइल पर डाउनलोड किया गया एवं कुल 2437 मतदाताओं द्वारा मतदान दिवस पर व्हील चेयर की सुविधा का विकल्प चुना गया।राज्य में कुल 23 पीडब्लूडी आइकन नामित किए गए हैं जिनके वीडियो संदेश दिव्यांगजनों, वृद्धाश्रमों, कुष्ठ रोगी पुनर्वास केंद्रों एवं मूकबधिर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सांकेतिक भाषा में सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए।

# बगवाड़ा मण्डी में डिस्पैच एवं रिसेप्सन सेंटर स्थापित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण व निर्बाध सम्पन्न कराने हेतु आयोग के दिशा-निर्देशानुसार बगवाड़ा मंडी से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों हेतु मतदान दिवस के एक दिन पूर्व मतदेय स्थलों के लिये प्रस्थान करने वाली समस्त मतदान पार्टियों के संचरण एवं वापसी हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने निर्वाचन की महत्ता व समयबद्धता को दृष्टिगत रखते हुये डिस्पैच एवं रिसेप्सन सेंटर स्थापित किया है। जिनमे विधानसभावार अतिरिक्त अधिकारियों की तैनाती की गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान पार्टियों को मतदान स्थलों तक ससमय पहुचने एवं मतदेय स्थलों से मतदान के पश्चात पार्टियों के वापसी के उपरांत निर्वाचन समाग्री उपलब्ध कराने एवं प्राप्त करने के लिये बगवाड़ा मंडी में डिस्पैच एवं रिसेप्सन सेंटर स्थापित करते हुये जसपुर विधानसभा हेतु चकबंदी अधिकारी संजय आर्य काशीपुर में नगर आयुक्त विवेक राय, बाजपुर में सहायक अभियंता विशाल प्रसाद, गदरपुर में समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, रूद्रपुर में अपर जिलाधिकारी नजूल पंकज उपाध्याय, किच्छा में चकबंदी अधिकारी सुभाष गुप्ता, सितारगंज में चकबंदी अधिकारी प्रदीप गर्ग, नानकमत्ता में नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल व खटीमा विधानसभा में परियोजना निदेशक अजय सिंह को तैनात किया गया है। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे सम्बन्धित सहायक रिटर्निंग ऑफिसरो से समन्वय स्थापित कर आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध कार्यो को सम्पादित कराना सुनिश्चित करेगें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारी टेंट बेरिकेटिंग को मतदान कार्मिकों की सुविधा हेतु बगवाड़ा मंडी में सहायता डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिये है ताकि मतदान पार्टियों को मतदेय स्थलों को प्रस्थान करने एवं मतदान समाप्ति के पश्चात देर रात्रि तक स्ट्रांग रूम में पंहुने पर किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# शाम पांच बजे बाद चुनाव सम्पन्न होने तक जिले की सीमाएं होंगी सील

बागेश्वर(उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को कुशलता से सम्पन्न कराने के लिए चुनाव आयोग सख्त हो गया है।वही आचार संहिता लागू होने के बाद धारा-144 निषेधज्ञा प्रभावी है। भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने जिले में असामाजिक और विघटनकारी तत्वों की घुसपैठ को रोकने के लिए जनपद की अंर्तजनपदीय सीमाओं को 16 अप्रैल की शाम 5 बजे से 19 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया समाप्त होने तक की अवधि के लिए बंद किए जाने के आदेश दिए है। निर्वाचन आयोग की मानक संचालन प्रक्रिया का सभी पुलिस एवं निर्वाचन प्रवर्तन दलों द्वारा जनपद की सीमाओं पर नाकेबंदी कर सक्रिय निगरानी एवं सभी प्रकार के वाहनों की सघन चौकिंग सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए है।

# मां के भजनों से गुंजायमान हुआ श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्रि पर्व के सातवें दिवस पर गत रात्रि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित माता का चौकी में भजन गायक कलाकारों ने मां की महिमा का गुण गान करते हुए कई भजन सुनाये गये। मां के भजनों से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर गुजायमान हो गया। सभी भक्तजन मां के जयघोषों के साथ मां की महिमा का गुणगान करते रहे। सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी व महंत राजीव कक्कड़ द्वारा जजमान रमेश लाल अरोरा, कांता अरोरा, राजकुमार अरोरा, पूजा अरोरा, अमित अरोरा, सानिया अरोरा, सुमित अरोरा, रजनी अरोरा,बपुनीत अरोरा, रोमी अरोरा परिवारग से विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। जिसके बाद गायक कलाकार अमित अरोरा व रमेश राठौर द्वारा गुरू वंदना, मां का आहवान, गणेश वंदना के साथ फूलों की वर्षा कराई गई। तत्पश्चात भजन गायक कलाकार अमन सांवरिया ने मां के कई भजन सुनाकर भक्तजनों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कई भजन सुनाकर उपस्थित भक्तों को झूमकर नाचने को मजबूर कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें प्रसाद फल की सेवा गौतम बत्रा परिवार ने, दूध की सेवा विजय विरमानी ने, पंच मेवा की सेवा रमेश लाल अरोरा ने की। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री, ओमप्रकाश अरोरा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा, विजय विरमानी, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, हरीश अरोरा, विजय जग्गा, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मनोज छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सचिन मुंजाल, दीपक चौधरी, अमन ठुकराल, सोनू वर्मा, सुरेश जग्गा भावना, रवि छावड़ा, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, हरीश अरोरा, नरेश छावड़ा, मोहत बत्रा, विजय जग्गा, सुनील ठुकराल, नरेश ग्रोवर, हरीश गुंबर, नरेन्द्र अरोरा, कमल, जितेन्द्र जीतू, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सुरेन्द्र मिड्ढा, सुनील चुघ, सतनाम सिंह, रेनू अरोरा, पंकज बांगा, राजकुमार सीकरी, ओम प्रकाश, आकाश कटारिया, दीपक गुगलानी, संजय ठुकराल, आशा ग्रोवर, पूजा बांगा, रानो छावड़ा, सचिन मुंजाल, दीपक चौधरी, अमन ठुकराल, सोनू वर्मा, सुरेश जग्गा आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

# कांग्रेस के कई नेताओं और ठुकराल समर्थकों ने थामा भाजपा का दामन

## कांग्रेस पूर्व महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा,पूर्व पार्षद सुरेश गौरी, राजेन्द्र कालड़ा, बिट्टू मिश्रा पूर्व मण्डी अध्यक्ष अरूण पाण्डे सहित कई बड़े कांग्रेसी समर्थकों सहित भाजपा में हुए शामिल





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के लिए होने जा रहे मतदान से तीन दिन पहले शहर में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दो अलग अलग कार्यक्रमों भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट और विधायक शिव अरोरा के समक्ष कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा,पूर्व पार्षद सुरेश गौरी, राजेन्द्र कालड़ा, अमित मिश्रा बिट्टू, पूर्व मंडी अध्यक्ष अरूण पाण्डे, पूर्व कांग्रेस नगर महामंत्री पवन गावा, ठुकराल समर्थक हरीश जल्होत्रा, विजय फुटेला,गुरदीप गावा ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी कार्यालय एवं कंचनतारा होटल में आयोजित अलग अलग कार्यक्रमों में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट और विधायक शिव अरोरा ने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान अजय भट्ट ने कहा कि कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है जहाँ आये दिन लोगो का मोह भंग होता जा रहा है आज रुद्रपुर मे कई वार्डो से आये जनप्रतिनिधि व कांग्रेस पदाधिकारियों के आने से उन सभी क्षेत्रों मे भाजपा को मजबूती मिलेगी। भट्ट ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व दस वर्ष की विकास यात्रा ने भारत को एक अलग पहचान दी है इस विकास यात्रा मे शामिल होने के लिए अन्य दलों के लोग आये दिन साथ आ रहे हैं कांग्रेस से आए वार्ड के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी का स्वागत किया ओर कहा कि हमें आशा है भाजपा रीती नीतियों को आगे बढ़ते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे और आने वाली 19 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में कराकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे, भट्ट ने कहा जनता मन बन चुकी है की उनका एक एक वोट नरेंद्र मोदी के दस वर्षो के ऐतिहासिक कार्यो को जाने वाला है। इसलिए दौरान स्थानीय विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के लोग बड़ी संख्या मे शहरी ग्रामीण क्षेत्रों से लगतार भाजपा का दामन थामने का कार्य कर रहे ओर आज भी कई पार्षद व पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी मे आये है। उनका स्वागत करते है उनका लाभ पार्टी को रुद्रपुर क्षेत्र मे मिलेगा ओर हम नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से अजय भट्ट की प्रचंड विजय सुनिश्चित कराने मे लाभकारी सिद्ध होगा ओर रुद्रपुर विधानसभा से हम रिकॉड मतो से विजय हासिल करेंगे। भट्ट ने कहा कि प्रमुख विपक्ष दल कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व हो या उत्तराखंड के राजनेता, वो कांग्रेस को नहीं संभाल पा रहे है। और ख्वाब देश को संभालने का देख रहे हैं। विपक्ष आरोप लगाता है कि भाजपा ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स, एनआईए का डर दिखाकर उनके नेताओं को तोड़ रही है। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने ऐसे आरोप लगाने वालों को करारा जवाब देते हुए कहा कि हल्द्वानी, रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में किस कांग्रेसी नेता या कार्यकर्ता के सेंट्रल एजेंसियों का छापा पड़ा है जो कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति को समझने वाले जानते हैं कि कांग्रेस अब इतिहास बनने जा रही है। कांग्रेस में उनका कोई भविष्य नहीं रहा है। अजय भट्ट ने कहा कि जब आवाम को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे सीधे मिलता है तब जनता का ह्रदय परिवर्तन भी होता है। इसलिए विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल होकर राष्ट्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं और यह सिलसिला कब थमेगा ये तो वो भी नहीं जानते। भाजपा में शामिल होने वालों में हरीश जोशी, राकेश कुमार पूर्व वार्ड अध्यक्ष, वीरेंद्र कुमार विक्की, राम सिंह बिष्ट, संजय सिंह, कमलेश गुप्ता, सोनू खुराना, रंजीत चावला, राजीव गंगवार,रंजीत चावला, प्रदीप अरोरा, पंकजल कालड़ा, प्रदीप अरोरा, पंकज कालड़ा सहित तमाम लोग शामिल थे। कार्यक्रम मे प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, सुरेश कोली, धीरेंद्र मिश्रा, तरुण दत्ता, अमित नारंग किरण विर्क, सुशील गाबा, प्रीत ग्रोवर मयंक कक्कड़, मनोज मादन,मानस जयसवाल, मुकेश पाल, अनिल कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार, मनोज अग्रवाल, संजीव शर्मा, सतीश देवल, मदन लाल अरोरा, विकास मण्डल, नारायण विश्वास,रमेश गुप्ता, शशि गुप्ता, मनीष गगनेजा, गुरबक्श चावला, सतीश खुराना, राजन आनंद, अवतार कालड़ा, किशन नारंग, संजय अरोरा, बंटी आनंद, हरीश अरोरा, केशर गावा, एनएल गंगवार, नीरज सक्सेना, आशीष भटनागर, अजमेरसिंह, विवेक माहवा, आरबी माथुर, हरेन्द्र राव, लोक सभा मीडिया प्रभारी ललित मिगलानी मयंक कक्कड़ आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजीव सिंह भाजपा में शामिल



किच्छा(उद संवाददाता)। कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजीव सिंह ने देहरादून में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में उनके निवास स्थान पर कांग्रेस को बाय-बाय कहते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। जानकारी देते हुए संजीव सिंह ने बताया कि कांग्रेस द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं किया जा रहा है और ना ही कार्यकर्ताओं को पार्टी में कोई तवज्जो दी जा रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की समस्याओं के निराकरण में कोई रुचि नहीं रखती है जिस वजह से उन्होंने कांग्रेस को इस्तीफा देते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में पार्टी कार्यकर्ताओं को बहुत सम्मान दिया जाता है तथा पार्टी के कार्यकर्ताओं की प्रत्येक समस्याओं को सुनकर उनका समाधान निकाला जाता है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व दिशा विहीन हो चुका है तथा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को चापलूस और मौका परस्तों की टीम ने घेर रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आलाकमान अपने विधायकों से भी मिलने से कतराता रहता है जिस वजह से कांग्रेस से लगातार कार्यकर्ताओं का पलायन हो रहा है। संजीव सिंह के साथ भाजपा की सदस्यता लेने वाले मुख्य रूप से ब्रह्मानंद पुरोहित, नवीन कुमार सिंह, धनंजय सिंह,अभिनव सिंह, कमलेश कुमार दुबे तथा संजय यादव मुख्य थे।

# भाजपाईयों ने वोट के लिए घर घर दी दस्तक



खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर के मध्य क्षेत्र पंजाबी कॉलोनी नेहरू गली तिलक नगर होटल बेस्ट व्यू रोड मुख्य मार्ग नगर पालिका गली गुरुद्वारा कॉलोनी प्रेम टॉकीज रोड में एलआईसी रोड घर घर जाकर सभी प्रतिष्ठानों पर जाकर प्रत्येक मतदाता से संपर्क अभियान चलाया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अजय भट्ट के समर्थन में घर-घर जाकर दस्तक दी और आगामी 19 अप्रैल को भाजपा के समर्थन में प्रत्येक मतदाता से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क आभियान में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री मनोज वाधवा, शक्ति केंद्र संयोजक नीलू गुप्ता, जिला महामंत्री सतीश गोयल, सावित्री कन्याल, रमेश ढींगरा, मनोज श्रीवास्तव, भाजपा नेता अशोक बत्रा, तारा ठाकुर, विमला मुंडेला, राजेश बाटला, सचिन श्रीवास्तव, पप्पी सक्सेना, सचिन श्रीवास्तव, जितिन ग्रोवर, राजेश राणा आदि शामिल थे।

# रिपोर्ट वापस नहीं लेने पर बेटे ने मां पर किया हमला

## कार्रवाई के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हुई वृद्धा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुकदमा वापस नहीं लेने पर वृद्धा के साथ उसके पुत्र और पोते ने घर में घुसकर मारपीट की। आरोप है कि मामले में कार्रवाई के लिए वृद्धा चौकी और कोतवाली के चक्कर काट रही है लेकिन उसकी शिकायत पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वार्ड नं. 24 रम्पुरा निवासी भामा देवी पत्नी स्व० रामचरन का कहना है कि उसका पुत्र और नाती उसके साथ मारपीट करते है तथा घर से मारपीट कर कई बार निकाल दिया है जिसकी रिपोर्ट उसने दिनांक 21 मार्च 2021 को थाना रूद्रपुर में लिखाई थी। मामला सिविल जज जू०डि० प्रथम रूद्रपुर की अदालत में विचाराधीन है। वृद्धा का आरोप है कि 14 मार्च 2024 की रात्रि 8 बजे उसके पुत्र हरद्वारी और दो पोते लाठी डंडे, हथियार लेकर घुस आये और गन्दी गन्दी गालियां देते हुये कहने लगे तूने हमारे खिलाफ कोर्ट में मुकदमा कर रखा है उसे वापस ले नही तो तुझे जान से मार देंगे। मुकदमा वापस लेने से मना किया तो उक्त लोगों ने मारपीट की जिससे उसे चोटें आयी है। शोर शराव होता देख मौके पर आस-पास के तमाम लोग एकत्र हो गये और लोगों ने बमुश्किल हमलावरों से छुडाया। जाते जाते हमलावर मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिसके चलते वृद्धा कभी चौकी तो कभी कोतवाली के चक्कर काटने को मजबूर है।

# वीएमसी का नेशनल एडमिशन टेस्ट 20 और 21 अप्रैल को

रुद्रपुर- विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) अपने फ्लैगशिप टेस्ट यानी एनएटी के लिए तैयार है जिसके जरिए छात्र एडमिशन और स्कॉलरशिप पा सकेंगे। ये टेस्ट 20 और 21 अप्रैल 2024 को ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में होगा जिसके जरिए देशभर के अच्छे छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा और उनकी परफॉर्मेंस के लिए रिवॉर्ड भी दिया जाएगा। ये टेस्ट जेईई और नीट की तैयारी कर रहे छात्रों को काफी मदद करेगा। छात्रों को वीएमसी फाउंडर्स और एक्सपर्ट के मेंटॉरशिप/मोटिवेशनल सेशन मिलेंगे डाउब्ट का फ्री समाधान किया जायेगा। जो छात्र क्लास 9, 10, 11 और 12 में जा रहे हैं या 12वीं पास हैं उनके लिए ये टेस्ट देकर वीएमसी के अलग-अलग प्रोग्राम में एडमिशन लेने का मौका है। इस टेस्ट में सफलता पाने वाले छात्रों को 100 फीसदी तक स्कॉलरशिप भी ऑफर की जाती है। क्लास 6, 7 और 8वीं के छात्रों को वीएमसी फाउंडेशन प्रोग्राम में डायरेक्ट एडमिशन प्रोसेस के जरिए एंट्री मिलती है। ऐसे छात्रों को उनके स्कूल रिजल्ट के आधार पर स्कॉलरशिप दी जाती है।वीएमसी क्लासेज का उद्देश्य साइंटिफिक और तकनीकी नॉलेज की एक ठोस नींव का निर्माण करना और इस प्रकार सक्षम और मोटिवेटेड इंजीनियरों व डॉक्टरों को तैयार करना है।

# पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



रामनगर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने को लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह मुस्तैदी के साथ जुटा हुआ है। चुनाव को लेकर रामनगर कोतवाली के अंतर्गत स्थित हल्दुआ, मोहान, मालधन चौड स्थित बॉर्डरो पर एस एस टी , एफ एस टी, पुलिस एवं आईटी बीपी के जवानों के साथ ही कर्मचारियों द्वारा यहां से गुजरने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है तथा टीम में मौजूद लोगों द्वारा वाहन का नंबर एवं वाहन स्वामी का विवरण भी दर्ज किया जा रहा है। इस संबंध में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि लोकसभा चुनाव नजदीक आ चुका है जिसको लेकर यह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है साथ ही उन्होंने सभी लोगों से अभियान में जुटे अधिकारियों व कर्मचारियों को सहयोग करने की अपील की है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया व्यापक जनसंपर्क



गदरपुर(उद संवाददाता)।भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में ग्राम शोकानगला ,सकैनिया, ग्राम मजरा हसन , शीला मजरा एवं गदरपुर वार्ड नंबर एक में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी सभाएं कर 19 तारीख को अधिक से अधिक मतदान कर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को विजयी बनाने की अपील की। गुंजन सुखीजा ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान प्रात: 7बजे से शुरू हो जाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता अपना मत डालने के उपरांत अपने संबंधित लोगों को भी मतदान केंद्र तक लाने का कार्य कर अधिक से अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में करवा कर अजय भट्ट को विजय बनाएं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, महेंद्र कलरा,वरिष्ठ भाजपा नेता दीप कोश्यारी,भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िआ, मुनी भुसरी, मनोज कुमार मिंटू ,मनोज शर्मा,परमजीत सिंह,कपिल कुमार,मनोज गिरी, कुणाल रस्तोगी, प्रभजोत खेड़ा ,समन मुंजल ,मनीष सेतिया, शिवम त्रिपाठी ,रविंद्र सिंह, चिंतन अरोड़ा, सोनू विश्वास, आकाश कोचर ,मिंटू रस्तोगी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित है।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'मोदी की गारंटी'

राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणापत्र एक प्रकार से उस दल के विभिन्न मुद्दों पर दृष्टिकोण और वचनबद्धता का दस्तावेज होते हैं। उनके आधार पर लोगों को यह निर्णय करने में मदद मिलती है कि किस पार्टी की सरकार उनके हितों के लिए काम करेगी। लगभग सभी पार्टियां अपने घोषणापत्र जारी कर चुकी हैं। भाजपा ने भी अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया।इसका लोगों को काफी समय से इंतजार था। इसलिए कि सत्ताधारी दल की घोषणाओं पर सबसे अधिक नजर रहती है। भाजपा अपने घोषणापत्र को 'संकल्प पत्र' कहती है, इस बार उसमें 'मोदी की गारंटी' पद और जोड़ दिया गया है। प्रधानमंत्री कई महीनों से सार्वजनिक मंचों से कुछ कार्यों और योजनाओं की गारंटी का एलान करते आ रहे हैं।वे बातें संकल्प पत्र में भी शामिल कर ली गई हैं। इसमें पिछले संकल्प पत्रों में किए गए वादों को पूरा करने का भी उल्लेख है, जिसमें अनुच्छेद तीन सौ सत्तर, राम मंदिर आदि शामिल हैं। मगर अगली सरकार में ज्यादातर पुरानी योजनाओं को ही आगे बढ़ाने और उनका दायरा विस्तृत करने पर जोर है। मसलन, आयुष्मान योजना, जन औषधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुद्रा योजना, लखपती दीदी, अगले पांच साल तक मुफ्त राशन आदि। इस पर विपक्षी दल कांग्रेस ने अपनी 25 न्याय गारंटियों को उपयोगी बताते हुए यह कहते हुए निशाना साधना शुरू कर दिया है कि संकल्प पत्र में उन बुनियादी वादों को बड़ी चतुराई से छिपा दिया गया है, जो पिछले चुनावों में किए गए थे। इसके उदाहरण के रूप में वे गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की आय दोगुनी करने का मुद्दा उठा रहे हैं। दरअसल पहले ही कार्यकाल में भाजपा ने हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था। वह वादा अभी तक पूरा नहीं हो सका है। बेरोजगारी का स्तर चिंताजनक बन चुका है। भाजपा ने अपने ताजा संकल्प पत्र में भी दोहराया है कि उसके कार्यकाल में पच्चीस करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले, मगर सच्चाई यह भी है कि करीब बयासी करोड़ लोग मुफ्त राशन पर गुजारा करने को अभिशप्त हैं। अगर रोजगार के अवसर उपलब्ध होते, तो लोग खुद मेहनत करके कमाते और खाते। महंगाई से पार पाने में भारतीय रिजर्व बैंक के पसीने छूट रहे हैं। किसानों की आय अगर सचमुच दोगुनी हो गई होती तो इस तरह आंदोलन न खड़े होते, जिन पर काबू पाने के लिए सड़कों पर दीवारें खड़ी करनी पड़ीं और आंसू गैस के गोले बरसाने पड़े। हालांकि विपक्ष के इन आरोपों के जवाब में भाजपा विकास का जो नक्शा पेश कर रही है, उसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों के लिए गारंटीशुदा योजनाएं हैं। संकल्प पत्र में युवाओं के लिए आधारभत ढांचे, विनिर्माण, स्टार्टअप, खेल, निवेश, उच्चस्तरीय सेवाओं और पर्यटन के जरिए रोजगार के अवसर पैदा करने का नक्शा है। विपक्ष का कहना है कि सरकारी विभागों में खाली पदों पर भर्तियां करने का बजाय भाजपा निजी उद्यम के जरिए रोजगार उपलब्ध कराने का भरोसा दिला रही है। इस तरह विकास की क्या सूरत बन सकती है? संकल्प पत्र में कही बातों के अलावा चुनावी मंचों से जो बातें कही जा रही हैं, वे अलग हैं। एक देश, एक चुनाव और समान नागरिक संहिता पर बल है। भ्रष्टाचार मिटाने पर सबसे अधिक जोर दिया जा रहा है। मगर भ्रष्टाचार के प्रति प्रतिबद्धता को लेकर खुद सरकार के कामकाज पर गहरे सवाल उठ रहे हैं। देखना है, पक्ष और विपक्ष के इन विश्लेषणों से परे संकल्प पत्र आम मतदाता पर कितना प्रभाव छोड़ पाता है।

# हिमालय पर गर्मी से हिमखंड सिकुड़े

संपूर्ण हिमालय के पहाड़ एवं भूभाग 21वीं शताब्दी के सबसे बड़े बदलाव के खतरनाक दौर से गुजर रहे हैं। इसी स्थाई हिम-रेखा 100 मीटर पीछे खिसक चुकी है। यहां जाड़ों में तापमान 1 डिगी बढ़ने से हिमखंड तीन किमी तक सिकुड़ चुके हैं। नतीजतन बर्फबारी का ऋतुचक्र डेढ़ महीने आगे खिसक गया है। हिमालय क्षेत्र में जो बर्फबारी दिसंबर-जनवरी माह में होती थी, वह फरवरी मध्य से शुरू होकर मार्च 2024 तक जा रही रही है। उत्तराखंड के वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों ने 1901 से लेकर 2018 तक के जलवायु अनुसंधान इकाई के आंकड़ों का विश्लेषण करके निष्कर्ष निकाला है कि तापमान ऐसे ही बढ़ता रहा तो 8 से 10 साल के भीतर हिमालय पर बर्फबारी का मौसम पूरी तरह परिवर्तित हो जाएगा या बर्फबारी की मात्रा घट जाएगी। दिसंबर-जनवरी की बर्फीली बारिश इन महीनों में तापमान कम होने के कारण सूख कर जम जाती थी, लेकिन इन माहों में आसमान से जो बर्फ गिरी, वह तापमान ज्यादा होने के कारण पिघल कर बह गई। अतएव आशंका की जा रही है कि इस बार हिमालय की चोटियां और सतही भूमि जल्द ही बर्फ से खाली हो जाएगी। उत्तराखंड में समुद्रतल से 11,385 फीट ऊंचाई पर बना तुंगनाथ मंदिर के क्षेत्र में 14 साल पहले जनवरी में जितनी बर्फ मौजूद होती थी, उतनी इस बार मार्च में है। यह स्थिति इतनी ऊंचाई पर बर्फीली बारिश के बदलते स्वरूप को दर्शाती है। संस्थान का यह शोध-अध्ययन हाल ही में प्रकाशित हुआ है। भू-गर्भ वैज्ञानिक डॉ मनीष मेहता के अनुसार, 'पहले दिसंबर-जनवरी में हर साल सूखी बर्फबारी होती थी, जो तापमान कम रहने के कारण जमी रहती थी। इससे हिमखंड सुरक्षित व सुगठित रहते थे। पारा चढ़ने पर सूखी बर्फबारी बंद हो गई। बाद में गीली बर्फ गिरी, जो थोड़ी गर्मी होते ही पिघलने लग गई।' पहाड़ों पर अमूमन गर्मी मई माह से शुरू होती थी। परंतु बीते एक दशक में सर्दी का तापमान तो बढ़ा है, जबकि गर्मी का स्थिर है। इसलिए हिमालय में गर्मी ज्यादा समय बनी रहती है। ये बदलते हालात हिमालय के जीव-जंतुओं और वनस्पतियों के लिए खतरे की घंटी हैं। स्थाई बर्फीली रेखा हिमालय पर 4 से 5 हजार मीटर ऊपर होती है। यह स्थाई बर्फ के कारण बनती है। इसके तीन हजार मीटर नीचे तक वनस्पतियां नहीं होती हैं। इस रेखा के पीछे खिसकने से जहां पहले कम तापमान में हिमपात होता था, वहां अब बारिश होने लगी है। परिणामस्वरूप हिमालय के कई किमी क्षेत्र से बर्फ विलुप्त होने लगी है। इस सिलसिले में वाडिया संस्थान के वैज्ञानिक विनीत कुमार का कहना है कि मौसम चक्र बदलने का सबसे ज्यादा असर देश के उत्तर-पूर्वी भाग्य में हुआ है। सुदुर संवेदन उपग्रह के आंकड़े बताते है कि अरुणाचल प्रदेश में 1971 से 2021 के मध्य ज्यादातर हिमखंड 9 मीटर प्रतिवर्ष की औसत गति से 210 मीटर पीछे खिसक गए हैं। जबकि लद्दाख में यह रफ्तार 4 मीटर प्रतिवर्ष रही है। कश्मीर के हिमखंडों के पिघलने की गति भी लगभग यही रही है। वाडिया संस्थान के पूर्व वैज्ञानिक डॉ डीपी डोभाल के अनुसार, 'जहां आज गंगोत्री मंदिर है, वहां कभी हिमखंड हुआ करता था। परंतु जैसे-जैसे तापमान बढ़ा और ऋतुचक्र बदला वैसे-वैसे हिमखंड सिकुड़ता चला गया। 1817 से लेकर अब तक यह 18 किमी से ज्यादा पीछे खिसक चुका है। करीब 200 साल पहले हिमखंड खिसकने का दस्तावेजीकरण सर्वे ऑफ इंडिया के भूविभानी जॉन हॉजसन ने किया था। उससे पता चला था कि 1971 के बाद से हिमखंडों के पीछे हटने की रफ्तार 22 मीटर प्रतिवर्ष रही है।' कुछ साल पहले गोमुख के विशाल हिमखंड का एक हिस्सा टूटकर भागीरथी, यानी गंगा नदी के उद्गम स्थल पर गिरा था। हिमालय के हिमखण्डों का इस तरह से टूटना प्रकृति का अशुभ संकेत माना गया है। इन टुकड़ों को गोमुख से 18 किलोमीटर दूर गंगोत्री के भागीरथी के तेज प्रवाह में बहते देखा गया था। गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान के वनाधिकारी ने इस हिमखण्ड के टुकड़ों के चित्रों से इसके टूटने की पुष्टि की थी। तब भी ग्लेशियर वैज्ञानिक इस घटना की पृष्ठभूमि में कम बर्फबारी होना बता रहे थे। इस कम बर्फबारी की वजह धरती का बढ़ता तापमान बताया जा रहा है। यदि कालांतर में धरती पर गर्मी इसी तरह बढ़ती रही और हिमखंड क्षरण होने के साथ टूटते भी रहे तो इनका असर समुद्र का जलस्तर बढ़ने और नदियों के अस्तित्व पर पड़ना तय है। गरमाती पृथ्वी की वजह से हिमखण्डों के टूटने का सिलसिला आगे भी जारी रहा तो समुद्र का जलस्तर बढ़ेगा, जिससे कई लघु द्वीप और समुद्रतटीय शहर डूबने लग जाएंगे। हालांकि वैज्ञानिक अभी तक यह निश्चित नहीं कर पाए हैं कि इन घटनाओं को प्राकृतिक माना जाए या जलवायु परिवर्तन के कारण टूटना माना जाए ? अब तक हिमखण्डों के पिघलने की जानकारियां तो आती रही हैं, किंतु किसी हिमखण्ड के टूटने की घटना अपवादस्वरूप ही सामने आती है। हालांकि कुछ समय पहले ही आस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों की ताजा अध्ययन रिपोर्ट से पता चला था कि ग्लोवल वार्मिंग से बढ़े समुद्र के जलस्तर ने प्रशांत महासागर के पांच द्वीपों को जलमग्न कर दिया है। यह अच्छी बात थी कि इन द्वीपों पर मानव बस्तियां नहीं थीं, इसलिए दुनिया को विस्थापन और शरणार्थी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। दुनिया के नक्शे से गायब हुए ये द्वीप थे, केल, रेपिता, कालातिना, झोलिम एवं रेहना। पापुआ न्यू गिनी के पूर्व में यह सालोमन द्वीप समूह का हिस्सा थे। पिछले दो दशकों में इस क्षेत्र में समुद्र के जलस्तर में सालाना 10 मिली की दर से बढ़ोत्तरी हो रही है। गोमुख के द्वारा गंगा के अवतरण का जलस्त्रोत बने हिमालय पर जो हिमखण्ड हैं, उनका टूटना भारतीय वैज्ञानिक फिलहाल साधारण घटना मानकर चल रहे हैं। उनका मानना है कि कम बर्फबारी होने और ज्यादा गर्मी पड़ने की वजह से हिमखण्डों में दरारें पड़ गई थीं, इनमें बरसाती पानी भर जाने से हिमखण्ड टूटने लग गए। अभी गोमुख हिमखण्ड का बाईं तरफ का एक हिस्सा टूटा है। उत्तराखंड के जंगलों में हर साल लगने वाली आग की आंच ने भी हिमखण्डों को कमजोर करने का काम किया है। आंच और धुएं से बर्फीली शिलाओं के ऊपर जमी कच्ची बर्फ तेजी से पिघलती चली गई। इस कारण दरारें भर नहीं पाईं। अब वैज्ञानिक यह आशंका भी जता रहे हैं कि धुएं से बना कार्बन यदि शिलाओं पर जमा रहा तो भविष्य में नई बर्फ जमना मुश्किल होगी ? हिमखण्डों का टूटना तो नई बात है, लेकिन इनका पिघलना नई बात नहीं है। शताब्दियों से प्राकृतिक रूप में हिमखण्ड पिघलकर नदियों की अविरल जलधारा बनते रहे हैं। लेकिन भूमण्डलीकरण के बाद प्राकृतिक संपदा के दोहन पर आधारित जो औद्योगिक विकास हुआ है, उससे उत्सर्जित कॉर्बन ने इनके पिघलने की तीव्रता को बढ़ा दिया है। एक शताब्दी पूर्व भी हिमखण्ड पिघलते थे, लेकिन बर्फ गिरने के बाद इनका दायरा निरंतर बढ़ता रहता था। इसीलिए गंगा और यमुना जैसी नदियों का प्रवाह बना रहा। किंतु 1950 के दशक से ही इनका दायरा तीन से चार मीटर प्रति वर्ष घटना शुरू हो गया था। 1990 के बाद यह गति और तेज हो गई इसके बाद से गंगोत्री के हिमखण्ड प्रत्येक वर्ष 5 से 20 मीटर की गति से पिघल रहे हैं। कमोबेश यही स्थिति उत्तराखण्ड के पांच अन्य हिमखण्ड सतोपंथ, मिलाम, नीति, नंदादेवी और चोराबाड़ी की है। भारतीय हिमालय में कुल 9,975 हिमखण्ड हैं। इनमें 900 उत्तराखण्ड के क्षेत्र में आते हैं। इन हिमखण्डों से ही ज्यादातर नदियां निकली हैं, जो देश की 40 प्रतिशत आबादी को पेय, सिंचाई व आजीविका के अनेक संसाधन उपलब्ध कराती हैं। किंतु हिमखण्डों के पिघलने और टूटने का यही सिलसिला बना रहा तो देश के पास ऐसा कोई उपाय नहीं है कि वह इन नदियों से जीवन-यापन कर रही 50 करोड़ आबादी को रोजगार व आजीविका के वैकल्पिक संसाधन दे सके ? बढ़ते तापमान को रोकना आसान काम नहीं है, बावजूद हम अपने हिमखंडों को टूटने और पिघलने से बचाने के उपाय औद्योगिक गतिविधियों को विराम देकर एक हद तक रोक सकते हैं। पर्यटन के रूप में मानव समुदायों की जो आवाजाही हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ रही है, उस पर भी अंकुश लगाने की जरूरत है। इसके अलावा वाकई हम अपनी बर्फीली शिलाओं को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो हमारी ज्ञान परंपरा में हिमखंडों के सुरक्षा के जो उपाय उपलब्ध हैं, उन्हें भी महत्व देना होगा। हिमालय के शिखरों पर रहने वाले लोग आजादी के दो दशक बाद तक बरसात के समय छोटी-छोटी क्यारियां बनाकर पानी रोक देते थे। तापमान शून्य से नीचे जाने पर यह पानी जमकर बर्फ बन जाता था। इसके बाद इस पानी के ऊपर नमक डालकर जैविक कचरे से इसे ढक देते थे। इस प्रयोग से लंबे समय तक यह बर्फ जमी रहती थी और गर्मियों में इसी बर्फ से पेयजल की आपूर्ति की होती थी। इस तकनीक को हम 'वाटर हार्वेस्टिंग' की तरह 'स्नो हार्वेस्टिंग' भी कह सकते हैं। हालांकि पृथ्वी के ध्रुवों में समुद्र के खारे पानी को बर्फ में बदलने की क्षमता प्राकृतिक रूप से होती है। बहरहाल हिमखंडों के टूटने या गलने की घटनाएं चिंताजनक हैं।

**प्रमोद भार्गव: लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

## अजय भट्ट के लिए मांगे वोट

गूलरभोज(उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में ग्राम विक्रम नगर, भरतपुर, कुंवरपुर, महावीर नगर, संतोष नगर आदि गांवों में जनसंपर्क कर अजय भट्ट को जिताने की अपील की। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, रामकिशन दहूजा,बलदेव राज दहूजा,गुलशन, सतनाम सिंह, रमेश सिंह, सुरजीत सिंह, किशन ग्रोवर, शिवम रघुवंशी, अमित दहूजा,रोशन लाल, सचिन, अमित पप्पू आदि लोग उपस्थित थे।



## सोने के झुमके और नगदी उड़ाई

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बाजार में खरीददारी करने गई एक महिला का पर्स उच्चके ने चोरी कर लिया। महिला के पर्स में सोने के झुमके और 7 हजार रूपए की नगदी थी। ग्राम आनंदपुर चांदनी चौक बल्यूटिया हल्द्वानी निवासी इंद्रा दरम्वाल ने मंगलपड़ाव चौकी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपनी बुआ के साथ खरीददारी करने के लिए आई थी। उसने हल्द्वानी से एक जोड़े सोने के झुमके खरीदे थे। उसने झुमके और 7 हजार की नगदी पर्स में एक साथ रख दी। जब कालूसिद्ध मंदिर के सामने कपड़े के ठेले पर पहुंची और देखा कि उसका पर्स गायब था।

## स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने दो युवकों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। वनभूलपुरा पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान युवक को ख्वाजा कालोनी के पास 9.10 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना नाम नदीम पुत्र अनीश निवासी नैनीताल पब्लिक स्कूल के सामने छोटी रोड थाना बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## ससुरालियों ने विवाहिता के पिता से की मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता )। लाखों रूपये नगद देने के बाद भी वर तथा उसके परिजनों द्वारा पांच लाख रूपये नगद व कार की और दहेज मांग कर विवाहिता के घर पहुंचकर उसके पिता से मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में संजय सक्सेना पुत्र स्व. गनेश चन्द्र सक्सेना निवासी खेडा ने कहा है कि उसने अपनी पुत्री का विवाह विशेष सक्सेना पुत्र विवेक सक्सेना निवासी मोहल्ला तहखान परमट मन्दिर पीलीभीत के साथ तय किया था । अपनी सामर्थ्य अनुसार टीके की रस्म 27 अक्टूबर 2023 को पीलीभीत के एक होटल मे बडी धूमधाम से की थी। जिसमे नगदी 1.50 लाख रूपये एंव 5 लाख रुपये विवेक व उसकी पत्नी के जाँइन्ट खाता मे उपहार स्वरुप अलग अलग समय पर ट्राँसफर किये थे। विशेष सक्सेना द्वारा फोन पर उसकी पुत्री पर दबाव डालने पर पुत्री ने 50-50 हजार रुपये करके दो बार खाता में ट्रॉसँफर किये थे। जिसके बाद विशेष सक्सेना व उसके परिजनों पिता विवेक



सक्सेना, माँ ममता सक्सेना व भाई वैभव सक्सेना की मांग और बढ़ गई। जोकि उसकी पुत्री व उससे चार पहिया वाहन व नगदी 5 लाख रुपये एंव स्वर्ण आभूषण की मांग करने लगे । जिस पर उसके द्वारा असमर्थता जताई गई। जिससे रुष्ट होकर 16 फरवरी 2024 की दोपहर विशेष सक्सेना, उसके पिता विवेक सक्सेना व भाई वैभव सक्सेना बिना पूर्व सूचना दिये घर पर आ धमके और दहेज मांग करने लगे । जबकि वह व उसका पुत्र सारांश सक्सेना घर पर मौजूद नहीं थे । पत्नी ने उक्त तीनों लोगों के घर पर आने की सूचना फोन पर दी। घर पर आया तो आते ही उक्त तीनों लोग कार की मांग करने लगे जब असमर्थता जतायी गई तो तीनों ने एक राय होकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर पड़ोसियों ने घर में आकर बचाया। जिस पर उक्त तीनो जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी कार संख्या यूपी 26 एके 8876 से फरार हो गये। संजय सक्सेना का कहना है कि घटना से भयभीत होकर उसकी तवियत खराब हो गई। उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भागवत कथा में समझाया गोवर्धन लीला का महत्व

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ग्राम सभा तिलियापुर के आनंद नगर में स्थित मां भगवती मंदिर में आयोजित 7 दिवसीय संगीत मय भागवत कथा के अंतिम दिवस पर ब्यास पंडित भास्कर पाण्डे ने ग्रामीणों को कथा सुनाई । मंगलवार को ग्राम सभा तीलियापुर के गांव आनंद नगर में स्थित मां भगवती मंदिर परिसर से इससे पूर्व मंगल वार को सुबह पंडित भास्कर पांडे ने पूर्ण विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ पूजन किया। इस दौरान आयोजित भागवत कथा में पंडित भास्कर पांडे ने अपने श्रीमुख से कहा कि, भागवत जी मे 12 स्कन्ध 18000 श्लोक है।और 335अध्याय है। हर श्लोक मे कान्हा जी बिराजमान है। राधा रानी के साथ । हमे अपने बच्चों को टाइम टाइम मे कथा के बारे मे बताना चाहिए। अपने बच्चों के अंदर भक्ति की जोत बचपन से डालनी चाहिए। जैसे एक पेड़ लगाया जाता है।उसे छोटे मे ही जहां मोड़ोगे वही मुड़ जायेगा पेड़ बड़ा होकर नही मुड़ता है। गोवर्धन लीला के माध्यम से समझाया



भक्त जब संकट मे हो तो भगवान गोवर्धन को उठाकर अपने भक्तो की रक्षा करते है।भगवान श्यामसुंदर और रुक्मणि विवाह भी बड़ी धूमधाम से मनाया उन्होंने कहा कि मानव जीवन में भागवत कथा श्रवण को आवश्यक बताया। इस मौके पर जीवन सिंह, राजेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, सुरेंद्र सिंह, हरीश सिंह, चंदन सिंह , नंदन सिंह, राम सिंह बिष्ट, कुंदन कुंजवाल, गंगा सिंह, प्रकाश सिंह ,राम सिंह,चंदन सिंह ,लक्षण सिंह,जगदीश सिंह,आदि उपस्थित थे।

# दो दिन शेष: नये चेहरों ने गरमाया चुनावी माहौल



## तो क्या तीसरी बार राजनीति की परिपाटी तोड़कर फिर नया इतिहास बनायेंगे उत्तराखंड के मतदाता, पांच लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

देहरादून(उद ब्यूरो) लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं के मतदान से मिलने वाला आशीर्वाद सियासी दलों का भाग्य बदल देता है। भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की धमक के बीच उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर चुनावी प्रचार का अंतिम चरण शुरू हो गया है। अब चुनावी समर में प्रचार अभियान के लिए सिर्फ दो दिन शेष हैं। चुनावी घोषणा पत्र जारी होने के बाद अब कांग्रेस और भाजपा अपने अपने दलों के के घोषणा पत्रों के साथ कार्यकर्ता अब जनता के बीच पहुंच रहे है। भाजपा कार्यकर्ता जहां संकल्प पत्र में मोदी की गारंटियों को लेकर बेहद उत्साहित है तो वहीं कांग्रेस ने भी न्याय की गारंटियों को लेकर चुनावी माहौल को गरम कर दिया है। बहरहाल अब चुनावी समर में प्रचार अभियान के लिए सिर्फ दो दिन शेष हैं। आगामी 19 अप्रैल को प्रदेश में पहले चरण में पांच सीटों पर मतदान होगा जबकि मतदान के नतीजे 4 जून को घोषित होगे।पांच लोकसभा सीट वाले उत्तराखंड के लगभग 82.48 लाख से अधिक मतदाता अपने सक्रिय भूमिका से कई मायनों में अपनी अलग पहचान रखते हैं। इस बार कई नेये चेहरों पर भी राष्ट्रीय दलो ने दांव खेला है और उनकी सक्रियता से चुनावी महौल भी गरमाया हुआ है। बीते दो चुनावों 2014 और 2019 में भाजपा के सभी उम्मीदवारों को संसद भेजा है। 2009 में ऐसा ही मौका कांग्रेस को दिया था। राज्य गठन से पहले और बाद में कई बार ऐसे मौके भी आए, जब मतदाताओं ने अपनी गढ़ी परिपाटी को एक झटके में तोड़ा भी है। छोटे राज्य की राजनीतिक सोच और नजरिया लंबे समय से दो दल भाजपा-कांग्रेस के करीब ही रहा है। क्षेत्रीय दलों की अपेक्षा राज्य गठन के बाद 2004 में हरिद्वार से समाजवादी पार्टी के सांसद को भी संसद पहुंचाया। एक समय ऐसा भी था जब यहां के मतदाता राज्य में एक दल की सरकार बनाते और सांसद दूसरे दल का चुनकर भेजते। 2002 में राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, लेकिन पांच में तीन सांसद भाजपा के जीते। 2009 में भाजपा की सरकार बनी, लेकिन उसके सभी सांसद उम्मीदवार हार गए। 2014 में राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, बावजूद उसके उसका कोई भी उम्मीदवार नहीं जीत सका। मोदी के मैजिक से मतदाताओं का मिजाज भांपने में भाजपा कुछ मायनों में आगे रही है। शायद यही कारण है कि लोगों ने अपनी बनाई रणनीति और परंपरा को तोड़ना बेहतर समझा। राज्य में पांच-पांच साल का फार्मूला भाजपा को जिताकर तोड़ा। 2019 में भाजपा के पांचों सांसदों को पुन: जिताकर भेजा, जबकि राज्य में भाजपा की सरकार थी। **पौड़ी लोकसभा** लोकसभा क्षेत्र में आने वालीं 14 विधानसभा सीटों में भाजपा के पास 13 हैं। कांग्रेस के पास एक मात्र बदरीनाथ सीट है। इस लोकसभा सीट में एक विध ानसभा नैनीताल जिले की रामनगर भी शामिल है। इस सीट पर कांग्रेस ने भाजपा से पहले अपने उम्मीदवार गणेश गोदियाल की घोषणा की थी। भाजपा ने इस सीट पर इस बार तीरथ सिंह रावत



की जगह राज्यसभा सांसद रहे अनिल बलूनी को उम्मीदवार बनाया है। लोकसभा के जातीय गणित और मतदाताओं के ब्राहमण-ठाकुर फार्मूले में यहां ठाकुर मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही उम्मीदवार ब्राहमण हैं। **टिहरी लोकसभा** लोकसभा क्षेत्र की 14 में से दो विधानसभा सीट कांग्रेस के पास हैं। इस लोकसभा क्षेत्र की आधी यानि 7 सीट देहरादून जिले में आती हैं। पहाड़ के साथ देहरादून के मतदाता भी निर्णायक की भूमिका में रहते हैं। देहरादून में मिश्रित आबादी और यूपी के सहारनपुर जिले से सटे होने के कारण विकासनगर, सहसपुर, कैंट का कुछ हिस्सा, राजपुर और रायपुर मुस्लिम आबादी का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। हालांकि शहरी आबादी का फायदा भाजपा को ही मिलता रहा है। भाजपा ने यहां राजघराने पर भरोसा जताते हुए फिर से माला राज्यलक्ष्मी को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने टिहरी में वरिष्ठ नेता और मसूरी के पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला को आजमाया है। **हरिद्वार लोकसभा** क्षेत्र की 14 विधानसभा क्षेत्रों में से भाजपा के पास मात्र छह विध ानसभा क्षेत्र हैं। जबकि अन्य आठ में कांग्रेस के पास पांच, दो बसपा और एक निर्दलीय विधायक जीतकर पहुंचे। भाजपा ने हरिद्वार में भी बदलाव किया है। दो बार के सांसद रमेश पोखरियाल निशंक की जगह पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को उतारा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के कद्दावर नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र सिंह रावत को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाकर चुनावी रण में उतारा है। वर्ष 2009 के चुनाव में हरीश रावत चुनाव जीत चुके हैं और यहां कांग्रेस को सियासी समीकरण का लाभ मिल सकता है। परिसीमन के बाद इस लोकसभा क्षेत्र का भी राजनीतिक मिजाज बदला है। यहां आने वाले ऋषिकेश, धर्मपुर और डोईवाला विध ानसभा क्षेत्रों में पहाड़ी मतदाता निर्णायक माना जाता है, जहां भाजपा खुद को सहज मानती है। जबकि हरिद्वार की मैदानी सीटों पर अल्पसंख्यक और दलित मतदाता बड़ा फैक्टर बनता है। इस वोट बैंक को साधने के लिए भाजपा कांग्रेस के अलावा सपा, बसपा, और निर्दलीय भी जोरआजमाइश करते हैं। **अल्मोड़ा -पिथौरागढ़ लोकसभा सीट** राज्य की सुरक्षित लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा कांग्रेस ने टम्टा बिरादरी से चिर प्रतिद्वंद्वी उतारे हैं। भाजपा के अजय टम्टा तीसरी बार से मैदान में हैं, जबकि राज्यसभा सांसद रहे प्रदीप टम्टा पर कांग्रेस ने पुन: भरोसा जताया है। बड़े क्षेत्रफल वाली इस सीट पर भाजपा दोनों चुनाव जीती है, लेकिन पांचों में जीत का अंतर सबसे कम रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के नौ विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पांच विधायक जीतकर आए हैं। **नैनीताल- ऊधमसिंह नगर लोकसभा** सीट मैदानी और पहाड़ी इलाके का प्रतिनिधित्व करती है। दो बड़े जिले नैनीताल और ऊधमसिंह नगर इस लोकसभा के तहत आते हैं। भाजपा ने एक बार फिर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट को उम्मीदवार बनाया है। जबकि कांग्रेस अभी तक इस सीट पर भी उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। इस सीट के लिए कांग्रेस युवा उम्मीदवार प्रकाश जोशी पर दांव खेल चुकी है। प्रकाश जोशी दो बार विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके है हांलाकि वह चुना नहीं जीत पाये हैं लेकिन जनता के मुद्दों पर अपनी सक्रियता से पार्टी में अपनी पैठ जमायी हुई है। नैनीताल सीट कभी कांग्रेस का गढ़ था, लेकिन भाजपा ने जब से जीत दर्ज कराई है तब से कांग्रेस के दिग्गज भी वापसी नहीं करा सके हैं। लोकसभा क्षेत्र की 14 सीटों में यहां भी नौ भाजपा के पास और पांच कांग्रेस के पास हैं।

## भाजपा, कांग्रेस, बसपा के अलावा चुनावी मैदान में दस अन्य दलों के उम्मीदवार भी जीत की उम्मीद के साथ कर रहे मेहनत

देहरादून(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के रण में 10 अन्य दलों के प्रत्याशी भी दम आजमां रहे हैं। इन दलों के अपने वादे और इरादे हैं। सभी ने जीत की उम्मीद के साथ मैदान में मेहनत तेज कर दी है। राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी ने टिहरी में प्रत्याशी उतारा है। भारतीय राष्ट्रीय एकता दल ने टिहरी, हरिद्वार, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) ने टिहरी, गढ़वाल, अल्मोड़ा, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार, अखिल भारतीय परिवार पार्टी ने गढ़वाल, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर, सैनिक समाज पार्टी ने गढ़वाल, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) ने गढ़वाल, उत्तराखंड समानता पार्टी ने गढ़वाल हरिद्वार। बहुजन मुक्ति पार्टी ने गढ़वाल व अल्मोड़ा, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने अल्मोड़ा, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर में अपने प्रत्याशी उतारे हैं। इनमें से पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) ने टिहरी, गढ़वाल, अल्मोड़ा, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार पांचों सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। खास बात ये हैं कि ये केवल पंजीकृत दल हैं। अभी चुनाव आयोग से इन्हें मान्यता नहीं मिली है, जिस वजह से इनका अपना कोई विशेष चुनाव चिह्न नहीं है। सभी को चुनाव आयोग से जो चिह्न मिला है, उस पर मैदान में किस्मत आजमां रहे हैं। सभी अपने गणित के हिसाब से अपनी जीत के दावे भी कर रहे हैं। वहीं, उत्तराखंड क्रांति दल ने राज्य में तीन लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। टिहरी लोकसभा में यूकेडी ने निर्दलीय प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया है। बता दें कि बॉबी पंवार पिछले कई सालों से बेरोजगार युवकों की आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। पिछले साल भी बॉबी पंवार के नेतृत्व में गांधी पार्क पर हजारों की संख्या युवक-युवतियों ने धरना दिया था। जिसके बाद पथराव और लाठीचार्ज की घटना होने के बाद बॉबी पंवार की गिरफ्तारी हुई थी, लेकिन कुछ दिनों बाद ही बॉबी पंवार की जमानत हो गई थी। वहीं, अब बॉबी पंवार चुनावी दंगल में उतर गए हैं। माना जा रहा है कि बॉबी पंवार टिहरी लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह और कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला को टक्कर दे सकते हैं।

## पेज एक का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव को ..**की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बाबा और आचार्य बालकृष्ण से बातचीत की। जस्टिस कोहली ने स्वामी रामदेव से कहा कि योग के क्षेत्र में आपने काफी काम किया है। आप बिजनेस भी करने लगे। कोर्ट ने बाबा रामदेव से सीधा सवाल किया कि आपको माफी क्यों दी जाय? स्वामी रामदेव ने कोर्ट से कहा, मैं आगे से जागरूक रहूंगा, मैं जानता हूं कि करोड़ों लोग मुझसे जुड़े हुए हैं। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, आपने हमारे आदेश के बाद ये सब कुछ किया। आपको पता है कि लाइलाज बीमारियों का आप विज्ञापन नहीं कर सकते हैं। कानून सबके लिए समान है। इस पर स्वामी रामदेव ने कहा कि हमने बहुत टेस्ट किए हैं जिस पर जस्टिस कोहली ने उन्हें टोका और कहा कि आपकी तरफ से ये गैर जिम्मेदार रवैया है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा ये भूल अज्ञानता में हुई है, हमारे पास सबूत हैं। जस्टिस अमानुल्ला ने कहा कि आप एलोपैथी पे उंगुली नहीं उठा पाएंगे, ये सही नहीं है। इस पर स्वामी रामदेव ने कहा हमने उत्साह में आकर ये कर दिया है. हम आगे सजग रहेंगे। हम एलोपैथी के बारे में कुछ नहीं बोलेंगे। जस्टिस कोहली ने कहा इतने इनोसेंस कोर्ट में नहीं चलते हैं कि आज आप माफी मांग रहे हैं, ऐसा नहीं चलता है। इस पर स्वामी रामदेव ने कहा कि इस तरह की गलती दोबारा नहीं होगी। इसके बाद जस्टिस कोहली ने कहा कि आपका पिछला इतिहास खराब है, हम इस पर विचार करेंगे कि आपकी माफी स्वीकार की जाए या नहीं। आपने लगातार उल्लंघन किया हैं। रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के उल्लंघन के लिए अखबार में सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने की पेशकश की। सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण दोनों को सुनवाई की अगली तारीख यानि 23 अप्रैल को उपस्थित रहने को कहा।

**महाअष्टमी पर घर..**आवासों व प्रतिष्ठानों पर मां की स्वरूप कन्याओं की विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने कन्याओं को अपने आवास पर आमंत्रित कर उनके चरण धोये और तिलक लाकर स्वागत किया। कन्याओं को लाल चुनरी ओढ़ाकर उनकी पूजा करने के बाद उन्हें उपहार स्वरूप कई वस्तुएं एवं रूपये देकर उनकाा आर्शीवाद लिया। आज अनेक भक्तों द्वारा मंदिरों व अपने प्रतिष्ठानों पर भी कन्याओं की पूजा की गई। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मां दुर्गा मंदिर, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूतबंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस कालोनी, सैनिक फार्म आदि स्थानों पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

**राजेश शुक्ला के बोल से ...**गई हैं। भाजपा के नेता उनके बारे में क्या कहना चाहते हैं। भाजपा के भीतर यही शिष्टाचार रह गया है। रक्षा राज्य मंत्री की मौजूदगी में उनके बारे में अपशब्दों का प्रयोग किया जा रहा है जिस व्यक्ति को विकास के नाम पर जाना जाता है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व बताए कि पांच बार का विधायक रहे और उनके ऊपर व्यक्तिगत प्रहार हो रहे हैं। वे मुख्यमंत्री धामी से कहना चाहते हैं कि उन्हें आगरा नहीं बल्कि सहसपुर में मानसिक रोग अस्पताल में भर्ती करा दें। जब दिमाग ठीक हो जाए तो वहां से बाहर निकाल दिया जाए। उनके खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने से अगर भाजपा को वोट मिलता है तो उनको आपत्ति नहीं है। हमारे पूर्वजों ने जंगल को जोतकर तराई को बसाया था। उनकी पूरी बिरादरी और उत्तराखंड की धरती का अपमान किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव में उनको मरा गया सांप कहा गया था और जनता ने जवाब दिया था। उन्होंने जनता से अपील की है कि इस तरह की भाषा को जवाब देने के लिए आगामी 19 अप्रैल को वोट से जवाब दें।

**धूमधाम से निकला...**मां अटरिया देवी की प्रतिमा को स्थापित किया गया। इस दौरान माता पुष्पा देवी, प्रबंधक, सचिव अरविंद शर्मा, पंकज गोड़, मनीष शर्मा, दीपा शर्मा, सौरभ शर्मा, सुनीता गोड़, चौधरी धनराज सिंह, अशोक यादव, मोहन यादव, राजू कोली, राजू गुप्ता, द्रोपा देवी ,देवकी देवी आदि लोग मौजूद रहे । इसके बाद कल से मेले का शुभारंभ होगा।

**बेहड़ के खिलाफ...**राज बेहड़ के बारे में बोलना शुक्ला की संकीर्ण मानसिकता के बारे में बताता है। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने शुक्ला द्वारा की गई टिप्पणी की घोर निंदा की है। प्रेस वार्ता में नगर अध्यक्ष विसु भुसरी ने कहा कि शुक्ला माफी मांगे। इस दौरान प्रेमानंद महाजन, सुमित्तर भुल्लर,भीम ठुकराल आदि मौजूद रहे।

## सभासद ने किया जनसंपर्क

सितारगंज(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के नैनीताल लोकसभा के प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में नगर में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर कमल के फूल पर बटन दबाकर मतदान करे। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी के नेतृत्व में अब की बार 400 का नारा लगाते हुए भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में कमल के फूल पर मतदान कर प्रधानमंत्री के हाथ को मजबूत करने की अपील की। रवि ने कहा कि देश को विकसित भारत बनाने के लिए आगामी 19 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में मतदान करे। कहा है कि आगामी



चुनाव में उत्तराखंड की पांचो सीटें भाजपा की झोली में जा रही है। माननीय नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। युवाओं बुजर्क व महिलाओं का रुझान भाजपा की ओर है। माननीय नरेंद्र मोदी माननीय पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के विकास कार्यों से खुश होकर कई लोग भाजपा का दामन थाम चुके हैं। इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भोला जोशी, रमन चंद्रा, पंडित दिनेश भट्ट, हरिश रस्तोगी, अमर नाथ, चंदू ठाकुर, नीलम, कमलेश आदि लोग मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पांच साल तक मुफ्त राशन और फ्री ईलाज मोदी की गारंटी: भट्ट

## भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने भदईपुरा और ट्रांजिट कैंप में की जनसभा कर मांगे वोट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट का भदईपुरा और ट्रांजिट कैंप में चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान यहां आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति को समर्पित है, जबकि संकल्प पत्र की थीम भाजपा का संकल्प, मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा घोषणा नहीं करती बल्कि संकल्प लेती है।अजय भट्ट ने कहा कि इस बार पार्टी ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा जिनको कोई नहीं पूछता, उनको मोदी जी पूजते हैं। यही सबका साथ, सबका विकास का भाव है और यही भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा है। भाजपा ने ट्रांसजेंडर साथियों को भी अब आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने का निर्णय लिया है। देश में गरीबों के नाम पर 65 साल तक कई दलों की सरकार आई, लेकिन गरीब और गरीब हो गया और गरीबों का हक लूटकर नेता करोड़पति और अरबपति बन गए। यह देश की पहली सरकार है जिसने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लिया है। अजय भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों को सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं, अब बारी पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने की है। इस पर तेजी से काम हो रहा है। मोदी सरकार के 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे। ये संकल्प भाजपा ने लिया है। यह भाजपा की ही नीति रही है कि बीते वर्षों में करोड़ों लोगों को उद्यमी बनाने का काम मुद्रा योजना ने किया है...इस सफलता को देखते हुए भाजपा ने एक और संकल्प लिया है। यानी अब तक मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 10 लाख रुपये थी। आने वाले दिनों में इसे बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का इरादा किया है। उन्होंने कहा कि देश भाजपा के संकल्प पत्र का बेताबी से इंतजार कर रहा था। क्योंकि बीते 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। भाजपा ने मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करने वाला है। मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। ये भाजपा का संकल्प है। अजय भट्ट ने कहा कि आज मोदी का गारंटी 24 कैरेट सोने जैसी खरी होती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने देशवासियों से किया हर वादा पूरा किया है। चाहें 2014 का संकल्प पत्र हो या 2019 का संकल्प पत्र हो पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने अपने हर संकल्प को पूरा किया है। संकल्प में प्रधानमंत्री वही वादा करते हैं जिसे पूरा कर सकें। यानी विपक्षी दलों की तरह हवा हवाई वादे नहीं करते। इस अवसर पर विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने 60,000 नए गांवों को पक्की सड़कों से जोडने का काम किया है और उत्तराखंड में बारहमासी (आलवेदर) सड़कें बनाई गई हैं। हमने कभी कल्पना नहीं की थी कि गांव सशक्त होंगे, या ऑप्टिकल फाइबर गांव तक पहुंचेगा। लेकिन आज मुझे खुशी है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 1.2 लाख पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ कर इंटरनेट सुविधाओं से जोड़ा गया है। भारत की 25 करोड़ आबादी अब गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुकी है। यह सब साबित करता है कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहींहै, जबकि विपक्षी दल ऐसे वादे कर रहे हैं जिन्हें किसी कीमत पर पूरा नही किया जा सकता। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी प्रकाश हर बोला,पूर्व मेयर रामपाल विकास शर्मा, विकास शर्मा, सुरेश कोली ललित मिगलानी, रामप्रकाश गुप्ता अनिल चौहान,तरुण दत्ता राकेश सिंह धर्मपाल कोली भारत भूषण चुग प्रमोद शर्मा, हिमांशु शुक्ला, अभिनव चौधरी, पवन शर्मा, विकास सिंह, नारायण जोशी, ओमकार पाठक, सुनील ठुकराल सोनू अनेजा राजीव चौधरी रविन्दर, राजकुमार, ममता त्रिपाठी, नेहा पाण्डेय, रूपाली चौहान, मनीषा राय, साधना शर्मा, स्वाति शर्मा, पंकज शर्मा, नितिन कौशिक, अंकुर वर्मा, राजेश यादव, भुवन गुप्ता, सीमा गुप्ता, सुशील चौळान, आशीष यादव, अमन विर्क, राहुल शर्मा, अरूण शर्मा, अश्वनी शर्मा, गौरव शर्मा, अनमोल विर्क, जितेन्द्र संधू, रचित सिंह, सुभाष यादव बाली, योगेश यादव, संजू आदि मौजूद थे।






# जनता को गुलाम बनाने का प्रयास कर रही भाजपा : गावा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा और उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने गांधी कालोनी सिब्बल सिनेमा रोड पर नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सत्तारुढ़ भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आप लोगों को 5 किलो राशन मुफ्त देकर अपने गुलाम बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में देश की गरीब जनता को मुफ्त राशन दिया जाता था, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी देश की आम जनता को गुलामी की जंजीरों में जकड़ने का प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने कहा था कि हर साल दो करोड़ लोगों को सरकारी नौकरियों देंगे लेकिन उनका ये वादा हवाई साबित हुआ। उन्होंने कहा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नारी रक्षा का दम भरते हैं, लेकिन अंकिता भडारी रेप कांड और हत्या ने धामी सरकार की पोल खोल दी। सरकार अभी तक इस काण्ड में शामिल वीआईपी के नाम का खुलासा नहीं कर पायी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश को बांटने का काम किया है, कांग्रेस ने सभी को साथ लेकर काम किया है। उन्होंने कहा भाजपा के सांसद अजय भट्ट पांच सालों में जनता के लिए कुछ नहीं कर पाए बल्कि उनकी सांसद निधि का बड़ा हिस्सा लैंप्स हो गया। मोदी ने कहा था कि भाजपा का हर सांसद दो गांवों को गोद लेगा, अजय भट्ट ने दो गांव गोद भी लिए थे,आज हालात यह है कि अंजय भट्ट उन गांवों में चलें जाएं तो वहां रहने वाले लोग उन्हें घुसने नहीं देंगे। भट्ट सिर्फ मोदी के नाम पर वोट मांगने का फिर प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इस बार जनता भट्ट के असली चेहरे को पहचान चुकी है। उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि देश में मंहगाई, को रोकने में भाजपा सरकार लगातार फेल हो रही है, बीते दस सालों में देश की हालत बद से बद्तर हो गई है, महिलाओं पर अत्याचार बढ़े, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार ही खुद ही बेटियों की दुश्मन बन बैठी, भाजपा सरकारों में भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी जैसे मामलों में वृद्धि हुई है,जो लोग कह रहे हैं हम उत्तराखंड और देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाएंगे उन्हीं लोगों द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज आप लोगों के अधिकार है कौन गलत है और कौन आपके साथ है, इसलिए आप लोगों ने 19 अप्रैल को कांग्रेस को वोट देना है, उन्होंने कहा कि हमने और आपने देखा हैं देश में जिस तरह धर्म जाति मजहब भाषा को लेकर घिनौनी राजनीति की जा रही है,उस पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी है, ताकि देश में सर्व धर्म समभाव की सोच रखने वाली सरकार बन सके। इस दौरान सीपी शर्मा, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मोनिका ढाली, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरशद खा,सपना,सरोज, पूर्व पार्षद सौरभ शर्मा,रामित,रहमत अली उर्फ पप्पू पेंटर, इमरान अली, परवेज वारसी, जुनैद खा, लियाकत अली, तसलीम जहां, अफरोज उर्फ बेबी, दानिश खान,मो अंजाम,शफी अहमद, बाबू पेंटर, कामरान अली, फरीद वारसी, खालिद अली, बिलाल, हबीब अहमद, फैज अहमद, सुहैल अहमद, सलीम खान, अंजुम खान सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।





